संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI Reg.No.: CHHHIN/2004/15050
डाक पंजीयन क्रमांक-013/रायगढ़/2020-2022

# दैनिक घटती घटना

www.ghatatighatana.com
ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर, वर्ष 19,अंक -115 शुक्रवार ,24 फरवरी 2023, पृष्ठ -8 मूल्य 2 रूपये
मूल्य :-2/- पृष्ठ 08

छत्तीसगढ़ शासन

## छत्तीसगढ़ मॉडल
## अंतिम व्यक्ति तक न्याय

107.53 लाख मीट्रिक टन
**धान खरीदी का कीर्तिमान**





लघु वनोपज खरीदी में
**देश में अव्वल**

छत्तीसगढ़ सरकार ने किसानों को दिए
**150,000 करोड़ रुपए**

गोधन न्याय योजना के तहत सरकार द्वारा गोबर और गौमूत्र की खरीद से
**मजबूत ग्रामीण अर्थव्यवस्था**


जंगल, गांव, बस्ती में मोबाइल अस्पतालों से **1.22 करोड़** लोगों को मुफ्त स्वास्थ्य सेवाएं

वन आश्रितों को वनाधिकार देने में
**देश में अव्वल**

देश में मिसाल बने स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट स्कूलों में सभी वर्ग के **2.5 लाख** से ज्यादा बच्चों को आधुनिक शिक्षा के अवसर

दवाइयों पर **70 प्रतिशत** तक की छूट से 85 करोड़ रुपए की बचत

**45 लाख** उपभोक्ताओं को बिजली बिल पर 3,250 करोड़ रुपए की राहत



श्री भूपेश बघेल
मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

संवाद 35751/57

Visit us : ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh DPRChhattisgarh www.dprCg.gov.in जनसम्पर्क

## संपादकीय

# रमेश ही कांग्रेस पार्टी हैं!

ऐसा लग रहा है कि कांग्रेस पार्टी का मतलब जयराम रमेश हो गया है। कांग्रेस की ओर से हर मसले पर वे बयान देते हैं। राजनीति से लेकर नीतिगत मसलों पर वे बोलते हैं। यह सही है कि वे कांग्रेस के संचार विभाग के प्रभारी हैं लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि वे पार्टी का चेहरा हैं। भाजपा में भी पार्ट के मीडिया प्रभारी अनिल बलूनी और सह प्रभारी संजय मयूख हैं। भाजपा जैसी साधन संपन्न पार्टी के मीडिया प्रमुख और सह प्रमुख अपना चेहरा चमकाने की बजाय पार्टी का चेहरा चमकाते हैं। वहां राजनीतिक और नीतिगत बयान पार्टी के शीर्ष नेताओं द्वारा ही दिया जाता है। पूरी मीडिया टीम की जिम्मेदारी नरेंद्र मोदी, अमित शाह और जेपी नड्डा को हाईलाइट करने की है।

लेकिन कांग्रेस में मीडिया विभाग का काम जयराम रमेश, पवन खेड़ा, सुप्रिया श्रीनेत को हाईलाइट करने का है। राहुल गांधी ट्विट करते हैं और एकाध जगह उनकी बात छप जाती या दिखा दी जाती है। लेकिन मीडिया टीम के सबका चेहरा दिन भर दिखता है। यह कांग्रेस में ही संभव है। पहले जब रणदीप सुरजेवाला संचार विभाग के प्रभारी थे तो हर जगह उनका चेहरा दिखता था और अब जयराम रमेश का दिखता है। रमेश ही कांग्रेस महाधिवेशन के बारे में बोलेंगे, सीडब्लुसी को लेकर बोलेंगे, अदानी मामले में प्रधानमंत्री से सवाल पूछेंगे, नगालैंड में पार्टी के प्रचार के बारे में बोलेंगे, कुल मिला कर हर जगह सिर्फ रमेश दिखेंगे। सोचें, इसका कांग्रेस को क्या फायदा है? रमेश को चुनाव भी नहीं लड़ना है फिर भी हर जगह वे दिखेंगे। कायदे से जिन नेताओं को चुनाव लड़ना है या जनता के बीच जिनके चेहरे का मतलब है उनको दिखाना चाहिए।

# पूर्वोत्तर के कार्य तेजी से और सबसे पहले करें!

### बजट 2023-24 की अंतर्दृष्टि

नौ साल पहले जनादेश मिलने के बाद, माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने कर्म परमो धर्मः के दर्शन का अनुकरण किया, जो कठिन परिश्रम और ईमानदार इरादे के साथ कड़ी मेहनत करने से सम्बन्धित है। इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ता कि हमारे सामने कितनी कठिन चुनौतियां हैं, भारत को विश्व गुरु बनाने के सपने के लिए हम अपने मार्ग पर मजबूती से आगे बढ़ रहे हैं।

पूरे देश ने पिछले 9 वर्षों में व्यापक परिवर्तन देखे हैं- उपेक्षा और संकट की छाया के बीच पूर्वोत्तर का उदय हुआ है और यह क्षेत्र भारत के विकास इंजन के रूप में उभरकर सामने आया है, जिसे अभूतपूर्व प्रयासों और अविश्वसनीय इच्छाशक्ति की एक प्रेरक कथा माना जा सकता है। परिणामस्वरूप, समग्र प्रगति और विकास के युग की शुरुआत हुई है।

वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण ने हाल ही में 2023-2024 का बजट पेश किया है और बजट में प्रस्तावित प्रगति के मार्ग का विश्लेषण; पूर्वोत्तर के दृष्टिकोण के जरिये किया जाना चाहिए। अष्टलक्ष्मी राज्यों की 7 प्राथमिकताओं- समावेशी विकास, अंतिम व्यक्ति तक लाभ, अवसंरचना, निवेश क्षमता, हरित विकास, युवा और वित्तीय क्षेत्र में सुधारङ्क को सप्तऋषि की संज्ञा दी गयी है। निस्संदेह, पूर्वोत्तर राज्यों को इन प्राथमिकताओं से लाभ प्राप्त होगा।

पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्रालय (डोनर) के लिए 2023-24 के लिए बजट में 5,892.00 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं, जो 2022-23 के आरई आवंटन (2,755.05 करोड़ रुपये) से 114 प्रतिशत अधिक है। यह इरादे के अनुरूप कार्य का निर्विवाद और अकाट्य प्रमाण है। उल्लेखनीय है कि इनमें से पूंजीगत परिसंपत्ति के निर्माण के लिए समर्पित पूंजीगत व्यय के रूप में 4,093.25 करोड़ रुपये (92 प्रतिशत) का प्रावधान किया गया है।

इसके अतिरिक्त, 2014 से, 54 केंद्रीय मंत्रालयों के बजट आवंटन में भी भारी वृद्धि हुई है तथा मंत्रालयों के लिए कार्यादेश है कि वे अपने सकल बजटीय समर्थन का 10 प्रतिशत पूर्वोत्तर क्षेत्र के लिए समर्पित करें। यह अब बढ़कर 94,679.53 करोड़ रुपये हो गया है, जो 2022-23 के आवंटन से लगभग 30 प्रतिशत अधिक है। पूर्वोत्तर क्षेत्र के लिए पिछले कुछ वर्षों के वित्तीय प्रोत्साहन को देखते हुए, यह स्पष्ट है कि 2023-24 में 10 प्रतिशत जीबीएस का प्रावधान; 2014-15 के वास्तविक व्यय, जो लगभग 24,819.18 करोड़ था, की तुलना में लगभग 281 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है। इस वित्तीय वर्ष के अंत तक पूर्वोत्तर क्षेत्र में लगभग 5 लाख करोड़ रुपये खर्च किए जा चुके होंगे और यह प्रधानमंत्री के पूर्वोत्तर क्षेत्र को दक्षिण पूर्व एशिया के प्रवेश द्वार के रूप में विकसित करने के दृष्टिकोण की पुष्टि है तथा हमारी एक्ट ईस्ट नीति के अनुरूप भी है।

ज़मीनी स्तर पर अधिकतम प्रभाव सुनिश्चित करने के लिए डोनर को लक्षित पैकेज और योजनाओं के साथ राजकोषीय समर्थन प्रदान किया गया है। उदाहरण के तौर पर, पूर्वोत्तर के लिए नयी प्रधानमंत्री विकास पहल (पीएम-डिवाइन) योजना के तहत 6,600 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं, जिसका उद्देश्य युवाओं और महिलाओं के लिए आजीविका के अवसरों का सृजन करते हुए, पूर्वोत्तर राज्यों में बड़े पैमाने की परियोजनाओं के साथ अवसंरचना-विकास को पुनः सशक्त करना है।

प्रधानमंत्री विश्वकर्मा कौशल सम्मान योजना के तहत स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) को समर्थन या जनजातीय समूहों के विकास और उत्थान के लिए प्रधानमंत्री पीवीटीजी (विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह) कार्यक्रम जैसी पहल के माध्यम से हमारी जड़ों को मजबूत करने और विकास के अंतिम सिरे पर खड़े व्यक्ति को सशक्त बनाने पर बजट का विशेष ध्यान; महिलाओं के नेतृत्व वाले स्वयं सहायता समूहों की क्षमता को भी बढ़ावा देगा।

पूर्वोत्तर का कृषि-बागवानी क्षेत्र संभावनाओं से भरपूर है और बजट में इसके उपयोग के लिए कई अवसर मौजूद हैं। पूर्वोत्तर क्षेत्र को सफलता के उदाहरण के रूप में पेश किया जा सकता है और प्राकृतिक खेती के तहत 1 करोड़ किसानों को लाने का लक्ष्य हासिल करने की बात देश को प्रेरित कर सकती है। इसी तरह, कृषि-त्वरक कोष इस क्षेत्र में स्टार्टअप्स की मौजूदा क्षमता को बढ़ावा देगा। इसके साथ ही, कौशल विकास, पर्यटन क्षमता के विकास, डिजिटलीकरण, सतत विकास पर जोर और हरित कार्यक्रम पर हमारा विशेष ध्यान; पूर्वोत्तर क्षेत्र के सतत विकास की दिशा में भारत सरकार द्वारा किए जा रहे मौजूदा प्रयासों का पूरक है।

सुरक्षा और शांति इस क्षेत्र की एक प्रमुख चुनौती थी, लेकिन सरकार के निरंतर प्रयासों और राज्यों के घनिष्ठ सहयोग से, पूर्वोत्तर आज शांति और स्थिरता के एक अभूतपूर्व युग में प्रवेश कर गया है। 2014 के बाद से, इस क्षेत्र में उग्रवाद की घटनाओं में 74 प्रतिशत की कमी आयी है और 8,000 से अधिक युवा आत्मसमर्पण करने के बाद उज्जवल भविष्य की कामना कर रहे हैं।

इसी तरह, परिवहन व दूरसंचार संपर्क का विकास किसी क्रांति से कम नहीं है। 2014 से पहले सिर्फ असम ही रेलवे से जुड़ा था। अब अगरतला और ईटानगर को भी जोड़ दिया गया है तथा अन्य राजधानियों को भी जल्द ही रेल-सुविधा प्राप्त होगी। हमारे राष्ट्रीय राजमार्गों के माध्यम से पूर्वोत्तर में निर्बाध सड़क संपर्क सुनिश्चित करने के लिए सरकार 1.6 लाख करोड़ रुपये खर्च कर रही है। हवाई संपर्क के संदर्भ में, पांच पूर्वोत्तर राज्यों- मिजोरम, मेघालय, सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश और नागालैंडङ्क से आजादी के बाद पहली बार हवाई उड़ानें भरीं गयीं। 2014 में इस क्षेत्र में सिर्फ 9 हवाई अड्डे थे, अब इस क्षेत्र में हवाई अड्डों की संख्या लगभग दोगुनी होकर 17 हो गई है, जिनमें ईटानगर का डोनी पोलो नवीनतम हवाई अड्डा है। भारत सरकार ने 2023 के अंत तक क्षेत्र में पूर्ण दूरसंचार संपर्क की सुविधा प्रदान करने के लिए 500 दिनों का लक्ष्य निर्धारित किया है, जिससे दूरसंचार संपर्क में भी व्यापक विस्तार देखा जा रहा है।

अंतिम और सबसे महत्वपूर्ण पहल है- एक भारत श्रेष्ठ भारत की भावना के साथ लोगों के बीच आपसी संपर्क स्थापित करना और भावनात्मक जुड़ाव को गहरा करना। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में, पूर्वोत्तर का शेष भारत के साथ सांस्कृतिक और भावनात्मक एकीकरण तथा पराया होने की भावना को दूर करना सर्वोच्च प्राथमिकता रही है। युवाओं में सांस्कृतिक जुड़ाव मजबूत करने के लिए अब युवा संगम के तहत युवा सांस्कृतिक आदान-प्रदान यात्राएं आयोजित की जाएंगी। लोगों तक पहुंचने, उनसे बातचीत करने, योजनाओं के कार्यान्वयन की निगरानी करने और मुद्दों को तत्काल हल करने के लिए कम से कम 16 केंद्रीय मंत्री हर महीने पूर्वोत्तर का दौरा करते हैं।

हाल की उत्तर-पूर्व परिषद के स्वर्ण जयंती समारोह में माननीय प्रधानमंत्री का आह्वान, पूर्वोत्तर के कार्य तेजी से करें और सबसे पहले करें (एक्ट फास्ट फॉर नॉर्थ ईस्ट, एक्ट फर्स्ट फॉर नॉर्थ ईस्ट) ही पूर्वोत्तर क्षेत्र की आगे बढ़ने की यात्रा का मूलमंत्र है। अब पीछे मुड़कर नहीं देखना है। बहानों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा, क्योंकि वे दिन अब बीत चुके हैं। पूर्वोत्तर के विकास के लिए कदम मजबूती से उठाए जा चुके हैं!

**जी किशन रेड्डी**

## सुमिरन कर हरि नाम

दान पुण्य के सेतु से,
हो भवसागर पार।
कनक कुम्भ जग कलुष सम,
ईश्वर निर्मल सार।।
नश्वर यह संसार है,
शाश्वत दीनानाथ।
माया जग भ्रम छोड़ कर,
पकड़ ईश के हाथ।।
यह तन माटी का घड़ा,
बजता है दिन रैन।
ईश मिलन के बिना अब,
कहाँ मिले मन चैन।।
पुर परिजन परिवार हित,
भेंट किये सौगात।
रहे जुटाते कनक भू ,
व्यर्थ बितायो गात।।
सुमिरन कर हरि नाम का,
कहते गुरुवर बात।
दिव्यौषधि है भजन नित,
मलय भजे दिन रात।



**प्रमोद दीक्षित मलय**
बाँदा
उत्तरप्रदेश

## पिता प्रयोग धर्मी होतें हैं

पिता प्रयोग धर्मी होतें हैं,
और माँ की ममता भावुक।।
पिता सिर्फ समझते हैं,
कर्म और धर्म की बोली,
माँ दिल की धड़कने ।
माँ समझती हैं बेटे का हाल,
बेटे के अरमानों का आकाश ,
दिल के भीतर की हलचल,
ह्रदय का स्पंदन,धड़कने।
चेहरे के हाव-भाव,
दोस्तों की आवारगी,
धड़कनो की सिसकियाँ,
बढ़ते अरमानो की,
लम्बी लंबी फरमाईसे,
प्रेमिका के सपने ,
और
टूट जाना किसी के लिए दिल का,
माँ सब कुछ जान जाती हैं ।।
पिता होते हैं सख्त,मजबूत
निर्विकार,
कड़क,
सीधे किसी से समझौता न करने
कटिबद्ध,अनुभवी,चट्टान की तरह,
माँ होती है
भोली, नादान और सहज वात्सल्य से
ओतप्रोत,
उनके चेहरे पर ही होता माँ होंने का
अहसास.
पिता के चहरे पर,
इसकी जरुरत नहीं होती।
पिता निस्पृह,कर्मयोगी होते,
माँ गंगा सी पवित्र,निर्झरिणी,
सच पिता ऊष्मा,ऊर्जा देते,
माँ शीतलता,स्निग्धता, भोलापन।
पिता सदैव चट्टान की तरह होते हैं,
मां दूब की तरह नरम ओश सी
मुलायम।।
पिता आकाश की छतरी की तरह,
मां छाया की तरह शीतल, पानी की
बूंदों की तरह पवित्र।।
माता-पिता दोनों को
नमन, प्रणाम।।



**संजीव ठाकुर,**
रायपुर,
छत्तीसगढ़,

## आत्मनिर्भरता

जिन्दगी की किताबें पढ़ी हैं बहुत,
पर लिखे हर्फ़ को मैं मिटा न सकी।
ज़ुल्म करता गया ये ज़माना मगर,
ज़ुल्म को जिन्दगी से हटा न सकी।
ख्वाब थे जो नयन में सजे थे कभी,
अश्रुओं की लड़ी से वो मिटते रहे।
ज़ुल्म करता रहा ये ज़माना मगर,
ज़ुल्म में भी सदा मुस्कुराती रही।
थे बड़े घाव ह्रदय की गहराई में,
होके तनहा भी मलहम लगाती रही।
ज़ुल्म करता रहा ये ज़माना मगर ,
सह के ज़ुल्मों को भी मुस्कुराती रही।
कर्म करती रही,व्यंग्य सहती रही,
सप्त रंगी धनुष को लपकती रही।
एक विश्वास की डोर को थामकर,
सूर्याभा को जीवन में लाती रही।
धुन्ध गहरी थी,अज्ञानता की डगर,
ज्ञान-दीपक की लौ को जलाती रही।
मैं सजी थी कभी मन्मथ की रति,
बनकरके गज़ल गुनगुनाती रही।
ज़ुल्म करता रहा ये ज़माना मग़र,
सह के ज़ुल्मों को भी मुस्कुराती रही।



**रश्मि पाण्डेय**
बिन्दकी,
फतेहपुर
उत्तरप्रदेश

## आधुनिक परिवेश में बदली संबंधों की परिभाषा

वर्तमान आधुनिक परिवेश में जिस तरह हमारे जीवन व दैनिक परिदृश्य में बदलाव हुआ है, ठीक उसी तरह हमारे संबंधों की परिभाषाएं भी बदल गई हैं । इस बदलाव को मेरी कुछ पंक्तियां भी प्रमाणित करती हैं कि-

बदले-बदले हालातों से
अपने भी अब बदल गए
सपने जो बुनते थे
मिलकर
वो सब तो अब विखर
गए ।।
रिश्तों का माधुर्य मिलन
जो
सुखदायी सा लगता था
वक्त की आंधी ऐसी
आई
वे सब दुःख में बदल
गए ।।
जिन रिश्तों को सींचा
हमने
स्नेह का जल संचय
करके
वे तो अवसरवादी
बनकर
ना जाने कब निकल गए
।।
हालातों का ऐसा मंजर
इक दिन ऐसे आएगा
इसी सोच में आंखों से
अब
आंसू मेरे निकल गए
।।÷

उपर्युक्त भावों से ये स्पष्ट है कि किस तरह वर्तमान सम्बंध अब अवसरवादी के रूप में अपनी भूमिका का निर्वहन करते हैं। रिश्तों में त्याग और समर्पण की जो भूमिका थी उनका अस्तित्व धीरे-धीरे धूमिल होता जा रहा है। अपनी आवश्यकता के अनुरूप ही अधिकतर लोग संबंधों का निर्माण करते हैं, और आवश्यकता की पूर्ति के पश्चात संबंध विच्छेद की जुगत में लग जाते हैं।

पहले हमारे संबंधों में प्रेम की रसता प्रवाहित होती थी, और स्नेह रूपी उर्वरक एवं समर्पण रूपी आधारशिला के रूप में पहचानी जाती थी, परंतु अब उसमें निरंतर अभाव देखने को मिल रहा है । यहां भी मुझे अपनी कुछ पंक्तियां उद्वेलित कर रही हैं कि-

÷रिश्तों में सच्चाई ढूंढ़ूं
अपनों की परछाई ढूंढ़ूं
रिश्तों की जो गहराई थी
वे सब अब बदलाव
लिए हैं
संबंधों की नीति बदल
गई
मिलने की तकनीक
बदल गई
स्वार्थ भरी रिश्तों की
चाहत
अब तो ये राजनीति बन
गई ।।÷

निश्चित रूप से ही उपर्युक्त स्थिति आज के संबंधों की रूपरेखा को दर्शाती है। जो संबंध कभी हम स्नेह की लड़ियों में पिरोकर, उसे प्रेम, त्याग समर्पण रूपी माला के रूप में तैयार करते थे, आज वही संबंध आवश्यकता की पृष्ठभूमि के अनुरूप निर्मित की जाती है ।

आवश्यकता आविष्कार की जननी है÷ ये वैज्ञानिक मान्यता आज हमारे आधुनिक परिवेश के संबंधों पर भी हावी है, जो कि निश्चित रूप से ही ये वैज्ञानिक मान्यता हमारे स्नेहिल संबंधों के लिए उपयुक्त नहीं है । जिसके कारण हमें इसके दुष्परिणाम से गुजरना पड़ता है । ऐसे संबंधों की पीड़ा को मेरी कुछ पंक्तियों ने पुनः दर्शाया है कि-

संबंध भी अब बदलाव
लिए
नीरसता के परिधानों में
ना जाने फिर कब
बदल जाएं
जीवन की ये परिभाषा
है
मन व्यथित हुआ चिंता
उपजी
रिश्तों के उन खलिहानों
में
जो उपजाऊ वे रिश्ते थे
मुरझाए से अब दिखते
हैं ।।

हमारे लिए मधुर संबंध जीवन स्तंभ की भूमिका निभाते हैं , जिसकी मजबूती से ही हम अपने जीवन पथ पर, प्रत्येक सुख-दुःख की पगडंडियों पर चलकर अपने निश्चित गंतव्य तक पहुंचने में सफल होते हैं । अतः हमें अपने समस्त संबंधों को मधुर एवं मजबूत बनाने की दिशा में तत्पर रहना पड़ेगा, तभी हम अपनी महत्ता एवं अपने संबधों को विच्छेद होने से बचा पाएंगे ।

अंततः मैं अपनी चार पंक्तियों के माध्यम से यही कहूंगा कि -

÷मिले गर ज़ख्म अपनों
से
छुपा लो तुम उसे साहब
जिस डाली पर कभी
बैठो
उसे काटा नहीं करते ।।



**विजय कनौजिया**
अम्बेडकर नगर
(उत्तर प्रदेश)

# जलवायु बदलाव : पर्यावरण लक्ष्यों के लिए न्याय की राह

विश्व स्तर पर आज किसी भी अन्य पर्यावरण समस्या की अपेक्षा जलवायु बदलाव के नियंत्रण की अधिक चर्चा हो रही है।

यह सभी देशों के लिए महत्त्वपूर्ण भी है, पर कुछ पश्चिमी धनी देश इस समस्या को उठाते समय भूल जाते हैं कि निर्धन और विकासशील देशों के लिए गरीबी और अभाव को दूर करना भी जरूरी है। यदि सभी देशों को साथ लेकर चलना है, तो गरीबी और अभाव दूर करने पर भी समुचित ध्यान देना होगा।

महत्त्वपूर्ण विकासशील देश के रूप में भारत की यह भूमिका बहुत महत्त्वपूर्ण हो सकती है कि जलवायु बदलाव को नियंत्रित करने के एजेंडे को न्यायसंगत बनाया जाए। इसके लिए विश्व स्तर पर ऐसा कार्यक्रम बनना चाहिए जिसमें ग्रीनहाऊस गैसों के उत्सर्जन को कम करने के लक्ष्य को सब लोगों की बुनियादी जरूरतें पूरी करने के लक्ष्य से जोड़ा जाए। आज भी जलवायु बदलाव जैसे मुद्दे के साथ व्यापक स्तर के जन-आंदोलन नहीं जुड़ सके हैं। पर्यावरण की रक्षा से जुड़े लोगों को इस बारे में गहरा चिंतन-मनन करना होगा कि जिस समय पर्यावरण आंदोलन की सार्थकता अपने उत्कर्ष पर है, उस समय में विश्व स्तर पर उसे वैसा व्यापक जन-समर्थन क्यों नहीं मिल रहा है, जिसकी उसे जरूरत है। इस बारे में पूरी ईमानदारी से चिंतन-मनन किया जाए तो स्पष्ट हो जाएगा कि बढ़ती प्रासंगिकता के बावजूद विश्व स्तर पर पर्यावरण आंदोलन का जन-आधार इस कारण व्यापक नहीं हो सका है क्योंकि इसमें न्याय और समता के मुद्दों का उचित ढंग से समावेश नहीं हो पाया है। दुनिया की आधी से अधिक जनसंख्या अपनी बुनियादी जरूरतों को भी ठीक से पूरा नहीं कर पाती। उनको बार-बार केवल यह कहना कि पेट्रोल और गैस के उपयोग को कम करना है, या विशेष तरह के उत्पादों के उपयोग को कम करना है, एक तरह से अर्थहीन है क्योंकि वे तो रोटी, कपड़ा, मकान आदि की बुनियादी जरूरतों को भी ठीक से पूरा नहीं कर पा रहे हैं। पर्यावरण रक्षा व जलवायु बदलाव की बहस में उनके लिए आखिर, क्या है?

जलवायु बदलाव के संकट को नियंत्रण करने के उपायों में जनसाधारण की भागेदारी प्राप्त करने का सबसे असरदार उपाय है कि विश्व स्तर पर ग्रीनहाऊस गैसों के उत्सर्जन में पर्याप्त कमी उचित समय-अवधि में लाए जाने की योजना बनाई जाए जो सभी लोगों की बुनियादी जरूरतों को पूरा करने से जुड़ी हो और इस योजना को कार्यान्वित करने की दिशा में तेजी से बढ़ा जाए। यदि इस तरह की योजना बनाकर कार्य किया जाएगा तो ग्रीनहाऊस गैस उत्सर्जन में कमी के जरूरी लक्ष्य के साथ-साथ करोड़ों अभावग्रस्त लोगों की बुनियादी जरूरतों को पूरा करने का लक्ष्य अनिवार्य तौर पर जुड़ जाएगा और इस तरह ऐसी योजना के लिए करोड़ों लोगों का उत्साहवर्धक समर्थन प्राप्त हो सकेगा। ग्रीनहाऊस गैसों के उत्सर्जन को कम करने के लिए कुछ हद तक हम फॉसिल ईंधन के स्थान पर अक्षय ऊर्जा (जैसे सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा) का उपयोग कर सकते हैं, पर केवल यह पर्याप्त नहीं है। विलासिता और गैर-जरूरी उपभोग कम करना भी जरूरी है। यह तो बहुत समय से कहा जा रहा है कि विभिन्न प्राकृतिक संसाधनों का दोहन सावधानी से होना चाहिए और वनों, चरागाहों, कृषि भूमि और खनिज-भंडारों का उपयोग करते हुए इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि पर्यावरण की क्षति न हो या उसे न्यूनतम किया जाए। जलवायु बदलाव के दौर में अब नई बात यह जुड़ी है कि विभिन्न उत्पादन कार्यों के लिए कितना कार्बन स्थान या स्पेस उपलब्ध है, यह भी ध्यान में रख जाना जरूरी है।

जब हम इन नई-पुरानी सीमाओं के बीच दुनिया के सब लोगों की जरूरतों को पूरा करने की योजना बनाते हैं, तो स्पष्ट है कि वर्तमान अभाव की स्थिति को देखते हुए करोड़ों गरीब लोगों के लिए पौष्टिक भोजन, वस्त्र, आवास, दवाओं, कापी-किताब आदि का उत्पादन बढ़ाना होगा। इस उत्पादन को बढ़ाने में हम पूरा प्रयास कर सकते हैं कि ग्रीनहाऊस गैस के उत्सर्जन को कम करने वाली तकनीकों का उपयोग हो पर यह एक सीमा तक ही संभव होगा। अतः यदि गरीब लोगों के लिए जरूरी उत्पादन बढ़ाना है, तो उसके लिए जरूरी प्राकृतिक संसाधन और कार्बन स्पेस प्राप्त करने के लिए साथ ही जरूरी हो जाता है कि विलासिता की वस्तुओं और गैर-जरूरी वस्तुओं का उत्पादन कम किया जाए। ये एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। यदि गरीब लोगों के लिए जरूरी उत्पादन को प्राथमिकता देने वाला नियोजन न किया गया तो फिर विश्व स्तर पर बाजार की मांग के अनुकूल ही उत्पादन होता रहेगा। वर्तमान विषमताओं वाले समाज में विश्व के धनी व्यक्तियों के पास क्रय शक्ति बेहद अन्यायपूर्ण हद तक केंद्रित है, अतः बाजार में उनकी गैर-जरूरी और विलासिता की वस्तुओं की मांग को प्राथमिकता मिलती रहेगी। अतः इन्हीं वस्तुओं के उत्पादन को प्राथमिकता मिलेगी। सीमित प्राकृतिक संसाधनों और कार्बन स्पेस का उपयोग इन गैर-जरूरी वस्तुओं के उत्पादन के लिए होगा। गरीब लोगों की जरूरी वस्तुएं पीछे छूट जाएंगी, उनका अभाव बना रहेगा या और बढ़ जाएगा। अतः जरूरी है कि ग्रीनहाऊस गैसों के उत्सर्जन को कम करने की योजना से विश्व के सभी लोगों की बुनियादी जरूरतों को पूरा करने की योजना को जोड़ दिया जाए और उपलब्ध कार्बन स्पेस में बुनियादी जरूरतों को प्राथमिकता देना अनिवार्य बना दिया जाए। इस योजना के तहत जब गैर-जरूरी उत्पादों को प्राथमिकता से हटाया जाएगा तो जरूरी सी बात है कि सब तरह के हथियारों के उत्पादन में बहुत कमी लाई जा सकेगी।

मनुष्य और अन्य जीवों की भलाई की दृष्टि से देखें तो हथियार न केवल सबसे अधिक गैर-जरूरी हैं अपितु सबसे अधिक हानिकारक भी हैं। इसी तरह अनेक हानिकारक उत्पाद और भी हैं (शराब, सिगरेट, कुछ बेहद खतरनाक केमिकल्स आदि), जिनके उत्पादन को कम करना जरूरी है। इन हानिकारक उत्पादों विशेषकर हथियारों के उत्पादन को कम करने में अनेक पेचीदगियां हैं, अनेक कठिनाइयां और बाधाएं हैं पर ग्रीनहाऊस गैसों के उत्सर्जन को कम करने की अनिवार्यता के दौर में इन उत्पादों को न्यूनतम करने का औचित्य पहले से कहीं अधिक मजबूत हो गया है। इस तरह की योजना पर्यावरण आंदोलन को न्याय और समता आंदोलन के नजदीक लाती है, और साथ ही इन दोनों आंदोलनों को शांति आंदोलन के नजदीक लाती है। ये तीनों सरोकार एक होंगे तो दुनिया की भलाई के कई महत्त्वपूर्ण कार्य आगे बढ़ेंगे।

इस दृष्टिकोण से देखें तो यह भी स्पष्ट हो जाता है कि जलवायु बदलाव के मौजूदा दौर में समता और अमन-शांति को बढ़ाना पहले से और भी जरूरी हो गया है। जलवायु बदलाव के इस न्यायसंगत समझ के आधार पर जो एजेंडा तैयार होगा, वह महात्मा गांधी के विचारों के बहुत अनुरूप है क्योंकि इसमें अमन-शांति, निरस्त्रीकरण, समता को बढ़ाने और उपभोक्तावाद को कम करने पर अधिक महत्त्व दिया गया है।

**भारत डोगरा**

# भारत में सुधरेगी खेलों की दशा

भारतीय खेल जगत में उड़न परी के नाम से मशहूर पीटी उषा के भारतीय ओलंपिक एसोसिएशन के अध्यक्ष बनने के बाद अब लगने लगा है कि आने वाले समय में भारत में खेलों की दशा सुधरेगी। पीटी उषा स्वयं एक अंतरराष्ट्रीय स्तर की धावक रही है तथा भारतीय ओलंपिक एसोसिएशन के अध्यक्ष बनने वाली पहली महिला है। भारतीय ओलंपिक एसोसिएशन में अभी तक गैर खिलाड़ी व पुरुषों का ही वर्चस्व रहा है। यह पहला अवसर है जब संघ की अध्यक्ष के रूप में एक महिला और वह भी खिलाड़ी की नियुक्ति हुई है। खिलाड़ी होने के नाते पीटी उषा को खिलाड़ियों के समक्ष आने वाली सभी समस्याओं की पूरी जानकारी है। एक खिलाड़ी के रूप में उन्हें भी अपने कैरियर में विभिन्न समस्याओं का सामना करना पड़ा था। ऐसे में ओलंपिक संघ के अध्यक्ष के रूप में पीटी उषा भारत में खेल व खिलाड़ियों की दशा सुधारने की दिशा में कई बेहतर काम कर सकती है। अध्यक्ष के रूप में उन्हें जो अवसर मिला है। उसका फायदा आने वाले कई पीढ़ियों को मिल सकता है।

भारतीय ओलंपिक संघ की पीटी उषा 15 वीं अध्यक्ष बनी है। इससे पूर्व चुने गए 14 अध्यक्षों में से कोई भी खिलाड़ी नहीं रहा है। 1927 में भारतीय ओलंपिक संघ की स्थापना के समय दोराबजी टाटा पहले अध्यक्ष बने थे। वह प्रतिष्ठित टाटा समूह से जुड़े हुए थे। उनके बाद महाराजा भूपिंदर सिंह, महाराजा यदाविंद्र सिंह, भलिंद्र सिंह, ओमप्रकाश मेहरा, बलिंदर सिंह, विद्या चरण शुक्ला, शिवांथी अदिथन, सुरेश कलमाडी, विजय कुमार मल्होत्रा, सुरेश कलमाडी, अजय सिंह चैटाला, नारायण रामचंद्रन, नरिंदर बत्रा अध्यक्ष रह चुके हैं।

भारतीय ओलंपिक संघ भारत की राष्ट्रीय ओलंपिक समिति है। जिसका कार्य ओलंपिक खेलों, एशियाई खेलों व अन्य अंतरराष्ट्रीय बहू खेल प्रतियोगिताओं में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले एथलीटों का चयन करना और भारतीय दल का प्रबंधन करना है। यह भारतीय राष्ट्रमंडल खेल संघ की तरह भी कार्य करता है तथा राष्ट्रमंडल खेलों में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले एथलीटों का भी चयन करता है। इस संघ के पदाधिकारियों का चुनाव प्रत्येक 4 वर्ष बाद होता है। भारतीय ओलंपिक समिति के सदस्यों में राष्ट्रीय खेल संघों, राज्य ओलंपिक संघ और अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति और अन्य चुनिंदा बहू खेल संगठनों के सदस्य शामिल हैं।

अपने जमाने के दिग्गज धाविका पीटी उषा को भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) का पहला महिला अध्यक्ष चुनने से भारतीय खेल प्रशासन में एक नए युग की शुरुआत हुई है। एशियाई खेलों में कई पदक जीतने वाली और 1984 के लॉस एंजलिस ओलंपिक खेलों में 400 मीटर की बाधा दौड़ में चौथे स्थान पर रही 58 वर्षीय उषा को चुनाव के बाद शीर्ष पद के लिए निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया।

'पय्योली एक्सप्रेस' और 'उड़न परी' के नाम से मशहूर रही पीटी उषा ने 2000 में संन्यास लेने से पहले भारतीय और एशियाई एथलेटिक्स में दो दशक तक अपना दबदबा बनाये रखा था। पिलावुलकंडी थेक्केपारंबिल उषा का जन्म 27 जून 1964 में पय्योली गाँव में हुआ था। इन्हें पीटी उषा नाम से ही जाना जाता है। इनके पिता का नाम इ पी एम् पैतल एवं माता का नाम टी वी लक्ष्मी है। इनके पहले कोच ओ.एम. नम्बिअर थे।

पीटी उषा ने एथलीट के तौर पर अपने अन्तराष्ट्रीय करियर की शुरुवात 1980 में कराची में हुए 'पाकिस्तान ओपन नेशनल मीट' से की थी। इस एथलीट मीट में पीटी उषा ने 4 गोल्ड मैडल भारत के नाम किये थे। इसके बाद 1982 में पीटी उषा ने 'वर्ल्ड जूनियर इनविटेशन मीट' में हिस्सा लेकर 200 मीटर की रेस में गोल्ड मैडल एवं 100 मीटर की रेस में ब्रोंज मैडल जीता था। इसके एक साल बाद ही कुवैत में हुए 'एशियन ट्रैक एंड फील्ड चैम्पियनशीप' में पीटी उषा ने 400 मीटर की रेस में नया रिकॉर्ड कायम किया और गोल्ड मैडल जीता।

1984 में लॉसएंजिल्स में हुए ओलंपिक में पीटी उषा ने सेमी फाइनल के पहले राउंड की 400 मीटर बाधा दौड़ को अच्छे से समाप्त कर लिया था। लेकिन इसके फाइनल में वे हार गई और उनको ब्रोंज मैडल नहीं मिल पाया था। हार के बाद भी पीटी उषा की यह उपलब्धि बहुत बड़ी थी। यह भारत के इतिहास में पहली बार हुआ था जब कोई महिला एथलीट ओलंपिक के किसी फाइनल राउंड में पहुंची थी। इन्होने 55.42 सेकंड में रेस पूरी की थी। जो आज भी भारत के इवेंट में एक नेशनल रिकॉर्ड है। 1985 में पीटी उषा ने इण्डोनेशिया के जकार्ता में 'एशियन ट्रैक एंड फील्ड चैम्पियनशीप' में हिस्सा लेकर 5 गोल्ड और 1 ब्रोंज मैडल जीता। 1986 में सीओल में 10 वें 'एशियन गेम्स'में 200 मीटर, 400 मीटर, 400 मीटर बाधा एवं 4'400 मीटर रिले रेस में हिस्सा लेकर पीटी उषा विजयी रहीं और चारों गोल्ड मैडल भारत के नाम कर दिया। एक ही इवेंट में एक ही एथलीट द्वारा इतने मैडल जीतना अपने आप में एक रिकॉर्ड था। 1989 में उन्होने दिल्ली में आयोजित 'एशियन ट्रैक फेडरेशन मीट' में 4 गोल्ड मैडल एवं 2 सिल्वर मैडल जीते। 1990 में 'बीजिंग एशियन गेम्स' में हिस्सा लिया। इस इवेंट के लिए पूरी तरह से तैयार नहीं होने के बावजूद पी टी उषा ने 3 सिल्वर मैडल अपने नाम किये। 1991 में इन्होने वी श्रीनिवासन से शादी कर ली। जिसके बाद इनका एक बेटा हुआ। 1998 में अचानक सबको चौंकाते हुए 34 साल की उम्र में पीटी उषा ने एथलेटिक्स में वापसी कर दी और जापान के फुकुओका में आयोजित 'एशियन ट्रैक फेडरेशन मीट' में हिस्सा लेकर 200 मीटर एवं 400 मीटर की रेस में ब्रोंज मैडल जीता। 34 साल की उम्र में पीटी उषा ने 200 मीटर की रेस में अपनी खुद की टाइमिंग में सुधर किया और एक नया नेशनल रिकॉर्ड कायम कर दिया। 2000 में पीटी उषा ने एथलेटिक्स से पूरी तरह से संन्यास ले लिया।

मौजूदा समय में देश के अधिकांश खेल संघों के पदाधिकारियों पर भेदभाव के आरोप लगना आम बात हो गई है। खेल संघों मे गैर खिलाड़ियों व राजनेताओं के पदाधिकारी बनने से उनका ध्यान खेलों को बढ़ावा देने के बजाय अपने स्वार्थ साधना अधिक रहता है। इसी कारण बहुत से प्रतिभाशाली व योग्य खिलाड़ियों को मौका नहीं मिलने से पिछड़ जाते हैं। भारत की कई अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक विजेता महिला पहलवानों ने कुश्ती संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष व सांसद बृजभूषण शरण सिंह पर यौन शोषण के आरोप लगाए है। जिसकी खेल मंत्रालय द्वारा जांच की जा रही है। ऐसी घटनाओं से खेलों की तो बदनामी होती ही है इसके साथ ही खिलाड़ियों का मनोबल भी कमजोर होता है। जब तक खेलो को खिलाड़ियों के लिए नहीं छोड़ा जाएगा तब तक भारत खेलों में इसी तरह पिछड़ता रहेगा।

पीटी उषा के भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष बनने के बाद देश के खिलाड़ियों व लोगों में खेलो की दुनिया में अच्छे दिन आने की उम्मीद जगी है। एक महिला खिलाड़ी के अध्यक्ष बनने से आने वाले समय में विशेषकर महिला खिलाड़ियों के समक्ष आने वाली कई तरह की दिक्कतों का निवारण हो सकेगा। इस बात की सभी को आशा है। पीटी उषा जैसी अंतरराष्ट्रीय स्तर की धावक से भारत का हर नागरिक यही अपेक्षा रखता है कि वह अपने अध्यक्ष के कार्यकाल को एक मिसाल बना दे। ताकि आने वाले पीढ़ियां उनके कार्यकाल को बेहतर खेलों के लिए याद रख सके। सरकार ने इन्हे राज्य सभा सदस्य भी नामित किया है। जिसका लाभ भी खेलों व खिलाड़ियों को मिलना तय माना जा रहा है।



**रमेश सर्राफ धमोरा**
झुंझुनू,
राजस्थान

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।

# टीएस सिंहदेव को जीता कर अब पछता रही है अम्बिकापुर की जनता : रामकृपाल साहू

- संवाददाता -
अंबिकापुर,23 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

मोर आवास मोर अधिकार अभियान अंतर्गत अंबिकापुर विधानसभा स्तरीय विधायक व मंत्री टी एस सिंह देव को आवास एवं कार्यालय का घेराव कार्यक्रम आज विधानसभा प्रभारी रामकृपाल साहू के मुख्य आतिथ्य तथा भाजपा जिला अध्यक्ष ललन प्रताप सिंह, मोर आवास मोर अधिकार संभागीय प्रभारी भारत सिंह सिसोदिया, ओबीसी मोर्चा पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश सोनी की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

स्थानीय पुराना बस स्टैंड से बड़ी संख्या में भाजपा के पदाधिकारी कार्यकर्ता एवं ग्रामीणों का समूह जोरदार नारों के साथ अग्रसेन चौक होते हुए टी एस सिंहदेव के निवास और कार्यालय व्हाइट हाउस के समीप पहुंचा। भीख नहीं अधिकार मांगते हम अपना आवास मांगते के नारों के साथ भाजपा कार्यकर्ताओं ने पुलिस बैरिकेटिंग के सामने धरने पर बैठकर विरोध प्रदर्शन किया।

इस अवसर पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए विधानसभा अंबिकापुर प्रभारी रामकृपाल साहू ने कहा कि टी एस सिंहदेव को जीता कर अंबिकापुर की जनता अब पछता रही है, गरीबों का आवास छीनने वाली भूपेश सरकार और उसके अकर्मण्य ऐसे मंत्री को जाने से अब कोई नहीं रोक सकता।





इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष ललन प्रताप सिंह ने कहा कि सरगुजा के विकास को टी एस सिंहदेव और भूपेश बघेल के बीच कुर्सी की आपसी लड़ाई ने दशकों पीछे धकेल दिया, प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी का सपना था कि 2022 सभी गरीबों को छत मिले परंतु छत्तीसगढ़ और पश्चिम बंगाल की गरीब जनता को वहां के राज्य सरकारों ने छलपूर्वक आवास मिलने नहीं दिया, इस बार जनता उन्हें सबक सिखाएगी।

इस अवसर पर मोर आवास मोर अधिकार संभाग प्रभारी भारत सिंह सिसोदिया ने कहा कि टी एस सिंहदेव का चाल, चरित्र और चेहरा आम जनता पहचान चुकी है, गरीबों को आवास देने के मामले में नाखून कटाकर शहीद बनाने का ढोंग कर रहे हैं टीएस बाबा, यदि उन्हें गरीबों के आवास की इतनी ही चिंता थी तो वे मंत्री पद छोड़ कर आम जनता के संघर्ष में शामिल क्यों नहीं हुए।

इस अवसर पर ओबीसी मोर्चा प्रदेश पूर्व अध्यक्ष अखिलेश सोनी ने कहा कि केवल पंचायत विभाग से इस्तीफा देकर आम जनता को मूर्ख बना रहे हैं टी एस सिंहदेव, अंबिकापुर विधानसभा के विधायक और मंत्री टीएस सिंह देव ने अपने पत्र में जिस कारण से विभाग छोड़ने की बात कही थी उसे भूपेश सरकार ने आज भी पूरा नहीं किया है, ऐसे में तत्काल उन्हें अपना मंत्री पद छोड़ देना चाहिए।

इस अवसर पर अंबिकापुर नगर मंडल अध्यक्ष मधुसूदन शुक्ला ने कहा कि अंबिकापुर विधानसभा के गरीब जनता को अगर आज प्रधानमंत्री आवास नहीं मिला है तो इसके सबसे बड़े दोषी भूपेश बघेल नहीं बल्कि टीएस सिंहदेव हैं, अपने कर्मों के कारण टी एस सिंहदेव जनता में मुंह दिखाने के लायक भी नहीं है। कार्यक्रम के अंत में महामहिम राज्यपाल के नाम तहसीलदार अंबिकापुर को ज्ञापन भी सौंपा गया। घेराव कार्यक्रम में निगम नेता प्रतिपक्ष प्रबोध मिंज, नगर मंडल प्रभारी त्रिलोक कपूर कुशवाहा, जिला महामंत्री अभिमन्यु गुप्ता, प्रशांत त्रिपाठी, अंबिकेश केसरी, बलराम जयसवाल, राजबहादुर शास्त्री, आलोक दुबे, फुलेश्वरी सिंह, मधु चौदहा, राधेश्याम ठाकुर, विकास पांडे, संतोष दास, रूपेश दुबे, अभिषेक शर्मा, मनोज गुप्ता, विद्यानंद मिश्रा, मुनेश्वर रजवाड़े, रामकेश्वर रजवाड़े, दिनेश साहू, अनिल सिंह, राजेंद्र जयसवाल, विश्वविजय तोमर, रामप्रवेश पांडे, सर्वेश तिवारी, संजय अग्रवाल, कृष्ण कुमार शर्मा, अशोक सोनवानी, वीरेंद्र बघेल, मनोज सोनी, संजीव वर्मा, पंकज गुप्ता, प्रिया सिंह, ज्योति चौरसिया, माया मिश्रा, संजय त्रिपाठी, वेदांत तिवारी, शानू कश्यप, दुर्गा शंकर दास, शरद सिन्हा सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी कार्यकर्ता एवं ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

## दसवीं-बारहवीं बोर्ड परीक्षा की गोपनीय सामग्री का किया गया वितरण

- संवाददाता -
अंबिकापुर,23 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।





कक्षा दसवी-बारहवीं बोर्ड परीक्षा की गोपनीय सामग्री गुरुवार को मल्टीपरपज स्कूल से वितरण किया गया। केंद्राध्यक्षों ने सील बंद पेटी में बंदकर गोपनीय सामग्री को अपने नजदीक के थानों में जमा कर दी। सामग्री लेने जिले के सभी 72 परीक्षा केंद्रों के प्रभारी अपनी-अपनी टीम के साथ पहुंचे थे। इसे लेकर यहां पूरे दिन गहमा-गहमी बनी रही। सामग्री वितरण के बाद निर्धारित रूट से संबंधित टीमों को कड़ी सुरक्षा के बीच रवाना किया गया।

गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा संचालित हाईस्कूल एवं हायर सेकण्डरी परीक्षा वर्ष 2023 हायर सेकण्डरी 1 से 31 मार्च तक तथा हाईस्कूल 2 से 24 मार्च तक आयोजित होगी। इस वर्ष जिले में हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी परीक्षा के लिए 72 केन्द्र निर्धारित किए गए हैं। इसमें 19 हजार 675 विद्यार्थी पंजीकृत हैं। गुरुवार को परीक्षा की गोपनीय सामग्री का अंबिकापुर मल्टीपरपज स्कूल से किया गया। परीक्षा सामग्री लेने के बाद केंद्राध्यक्षों ने मिलान कर समन्वयक केंद्र में ही पेटी में सील किया। इसके बाद निर्धारित रूट वाली टीम को एक साथ बस में बैठाकर पुलिस की सुरक्षा में रवाना किया गया। केंद्राध्यक्षों ने परीक्षा सामग्री अपने-अपने नजदीक के थाने में लेकर जाकर जमा कर दी। अब परीक्षा के दिन पुलिस की मौजूदगी में थाने से संबंधित पेपर की सामग्री जाएगी। हाईस्कूल एवं हायर सेकण्डरी की गोपनीय सामग्री अलग-अलग पेटी में रखकर 1-4 सशस्त्र बल की सुरक्षा में निर्धारित रूट चार्ट अनुसार बस द्वारा रवाना किया गया। गोपनीय सामग्री वितरण के लिए कुल 9 रूट चार्ट बनाए गए थे।



## आंगनबाड़ी कार्यकर्ता-सहायिका का हड़ताल पिछले एक महीने से जारी

अंबिकापुर, 23 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ता-सहायिका अपनी छह सूत्रीय मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। हड़ताल का एक माह से ऊपर हो चुका है। पर आंदोलकारी आंबा कार्यकर्ता व साहिका अपनी मांगों को लेकर डटे हुए हैं। कई बार रैली निकाल कर प्रदर्शन भी कर चुका हैं पर सरकार इनकी मांगें मानने को तैयार नहीं है। वहीं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व साहियकाओं भी वापस लौटने को तैयार नहीं है। इनका आंदोलन अब धीरे-धीरे उग्र होता जा रहा है। गुरुवार को एसबीआई के कलेक्टोरेट शाखा के सामने हड़ताल पर बैठे आंबा कार्यकर्ता- सहायिकाओं ने गीत संगीत के माध्यम से सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। आंबा कार्यकर्ता- सहायिकाओं अनिश्चितकालीन हड़ताल से जिले भर के 2460 आंबनबाड़ी केन्द्रों में ताला लटका है। वहीं महिला बाल विकास अधिकारी बसंत मिंज ने बताया कि आंदोलनकारी आंबा कार्यकर्ता-सहायिकाओं से कई बार बातचीत की गई पर ये मनने को तैयार नहीं हैं। विभाग द्वारा वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में समूह व सुपरवाइजरों द्वारा लाभार्थियों को रेडी टू ईट का वितरण किया जा रहा है।

## कोरिया जिले के स्वाइन फ्लू का एक संदिग्ध मरीज मेडिकल कॉलेज अस्पताल के आईसोलेशन में भर्ती

- संवाददाता -
अंबिकापुर,23 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

मेडिकल कॉलेज अस्पताल अंबिकापुर के आईसोलेशन में स्वाइन फ्लू के एक संदिग्ध मरीज को भर्ती किया गया है। मरीज कोरिया जिले के ग्राम मुरमा का रहने वाला है।

जानकारी के अनुसार कोरिया जिले के ग्राम मुरमा निवासल 60 वर्षीय एक वृद्ध पिछ्ले दो माह से सर्दी-खांसी से संक्रमित था। इसके अलावा उसे बुखार भी आ रहे थे। वह अपना इलाज बैकुंठपुर जिला अस्पताल में करा रहा था। काफी इलाज कराने के बाद भी उसके स्वास्थ्य में कोई सुधार नहीं हो रहे थे।



स्वाइन फ्लू का लक्षण पाए जाने पर चिकित्सकों ने उसका जांच कराया। जहां रिपोर्ट में स्वाइन फ्लू पॉजेटिव पाया गया। इसके बाद चिकित्सकों ने उसे बेहतर इलाज के लिए अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। यहां बुधवार की शाम को वह अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचा। यहां चिकित्सकों ने उसके पूर्व के रिपोर्ट के आधार पर स्वाईन फ्लू का संदिग्ध पाए जाने पर उसे आईसोलेशन में रखा है और उसका इलाज चल रहा है। मेडिकल कॉलेज अस्पताल के चिकित्सक डॉ. अपर्ण सिंह चौहन ने बताया कि मरीज को स्वाईन फ्लू का संदिग्ध मानते हुए उसे आईसोलशन में रखा गया है। वह पिछ्ले दो माह से सर्दी-खांसी से संक्रिमित था। टीवी के भी लक्षण पाए जा रहे हैं। एक्सरे व अन्य जांच कराए गए हैं। रिपोर्ट के आधार पर आगे इलाज शुरू किया जाएगा।

## ट्रक चोरी मामले को सुलझाने में पुलिस के साइबर प्रहरी कार्यक्रम की रही विशेष भूमिका, ट्रक चोरी कर भागे व्यक्ति को विश्रामपुर पुलिस ने पकड़ा,18 लाख कीमत का ट्रक किया जप्त

- संवाददाता -
सूरजपुर,23 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

विश्रामपुर में हुए ट्रक चोरी मामले में पुलिस के साइबर प्रहरी कार्यक्रम से जरिए एक प्रहरी के द्वारा दिए गए महत्वपूर्ण सूचना पर 18 लाख रूपये कीमत के ट्रक चोरी के मामले का विश्रामपुर पुलिस ने खुलासा करते हुए 1 आरोपी को गिरफ्तार किया है। यह कार्यक्रम पुलिस महानिरीक्षक, सरगुजा रेंज श्री रामगोपाल गर्ग (भा.पु.से.) के निर्देश पर सूरजपुर पुलिस के द्वारा चलाया जा रहा है।

बता दें कि दिनांक 21.02.23 को गढ़वा झारखण्ड निवासी असलम अंसारी ट्रक चालक ने थाना विश्रामपुर पुलिस को सूचना दिया कि मंगलवार को ट्रक क्रमांक सीजी 13 एक्स 5131 को लेकर कोयला लोड़ करने आमगांव खदान जाने के लिए निकला था और विश्रामपुर बस स्टैण्ड से आगे सूरजपुर की ओर मेन रोड़ सड़क किनारे ट्रक खड़ा कर खलासी के साथ सामान खरीदने गया कुछ देर बाद वापस आया तो देखा कि ट्रक वहां नहीं था आसपास तलाश करने कुछ पता नहीं चला, कोई अज्ञात व्यक्ति ट्रक को चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 39/23 धारा 379 भादसं. के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया।

मामले की सूचना पर पुलिस अधीक्षक सूरजपुर रामकृष्ण साहू (भा.पु.से.) ने जिले के थाना- चौकी प्रभारियों को नाकाबंदी लगाने तथा चोरी किए ट्रक के बारे जानकारी साइबर प्रहरी के वाट्सएप ब्राडकास्ट ग्रुप में साझा करने के निर्देश थाना प्रभारी विश्रामपुर को दिए।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मधुलिका सिंह व सीएसपी जे.पी.भारतेन्दु के मार्गदर्शन में विश्रामपुर पुलिस के द्वारा चोरी किए गए ट्रक के बारे में पूरी जानकारी साइबर प्रहरी के ब्राडकास्ट ग्रुप में साझा की गई और पूरे जिले में नाकाबंदी लगाया गया। बुधवार को सूरजपुर पुलिस के साइबर प्रहरी ग्रुप से जुड़े एक प्रहरी ने विश्रामपुर पुलिस को सूचना दिया कि एक व्यक्ति चौदह चक्का ट्रक को मानपुर सूरजपुर के रास्ते बहुत तेजी से लेकर अम्बिकापुर तरफ जा रहा है सूचना के आधार पर पुलिस पूरे क्षेत्र में कड़ी निगरानी रखते हुए पेट्रोलिंग करने लगी और एक पुलिस टीम ग्राम पचिरा के पास घेराबंदी लगाकर वाहनों की संघन चेकिंग के लिए



तैनात की गई। इसी दौरान सूरजपुर की ओर से एक ट्रक आते दिखा जिसे सड़क पर चल रहे बड़ी वाहनों की मदद से मेन रोड को जाम कराकर चोरी किए गए ट्रक को रोका गया। ट्रक को चला रहे व्यक्ति को पकड़ने पर उसने अपना नाम रामदिल पिता समयलाल सिंह उम्र 22 वर्ष निवासी सलका, थाना सूरजपुर का बताया। पूछताछ पर उसने ट्रक क्रमांक सीजी 13 एक्स 5131 को चोरी करके ले जाना स्वीकार करते हुए बताया कि 21 फरवरी को विश्रामपुर आया और रात में घुमते हुए अपने घर जाने के लिए बस स्टैण्ड के आगे सूरजपुर तरफ जाने वाले मेन रोड़ में खड़ा था उसी समय वहां पर उक्त ट्रक आया जिसके ड्राईवर व खलासी के वहां से जाने के बाद ट्रक में चढ़ा तो देखा कि ट्रक में चाबी लगा हुआ था, ट्रक को चोरी कर झारखण्ड ले जाकर बिक्री करने की योजना के तहत ट्रक को चोरी कर अपने गांव ले गया और रात्रि में ट्रक में सो गया और 22 फरवरी को ट्रक को बेचने के लिए झारखण्ड के लिए निकला था इसी बीच ग्राम पचिरा में पकड़ा गया। मामले में आरोपी के कब्जे से ट्रक क्रमांक सीजी 13 एक्स 5131 कीमत करीब 18 लाख रूपये एवं ट्रक के दस्तावेज जप्त कर आरोपी रामदिल पिता समयलाल सिंह को गिरफ्तार किया गया।

इस कार्यवाही में थाना प्रभारी विश्रामपुर के.डी.बनर्जी, थाना प्रभारी जयनगर सुभाष कुजूर, एएसआई प्रवीण राठौर, शशि शेखर तिवारी, प्रधान आरक्षक इन्द्रजीत सिंह, रामनिवास तिवारी, विकास सिंह, आरक्षक ललन सिंह, आफिस अख्तर, जयप्रकाश यादव, उमेश राजवाड़े, प्यारे राजवाड़े, अभिमन्यु पैंकरा, मनोज शर्मा, विजय साहू व योगेश्वर पैकरा सक्रिय रहे।

## धर्मांतरण के विरोध में राम भक्तों के द्वारा निकाली गई संत जागरण पदयात्रा

- संवाददाता -
लखनपुर,23 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

छत्तीसगढ़ प्रदेश में हो रहे धर्मांतरण तथा नारायणपुर में धर्मांतरण के विरोध करने पर जनजाति समाज के लोगो पर रासुका लगाए जाने के विरोध को लेकर राम भक्तों के द्वारा संत जागरण पदयात्रा निकाली गई है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक सरगुजा जिले में प्रदेश भाजपा



किसान मोर्चा शह कार्यालय मंत्री गोपाल सिन्हा के नेतृत्व में राम भक्तों के द्वारा ग्राम डाडगांव से 23 फरवरी दिन बुधवार को राम मंदिर से पूजा अर्चना कर संत जागरण पदयात्रा प्रारंभ किया गया और यह पदयात्रा लखनपुर पहुंची और गुरूवार की सुबह 11 बजे लखनपुर के स्वयंभू शिव मंदिर में पूजा अर्चना कर राम भक्तों के द्वारा नगर का भ्रमण करते हुए पदयात्रा अंबिकापुर के लिए प्रस्थान करेगी। किसान मोर्चा शाह कार्यालय मंत्री गोपाल सिन्हा के द्वारा बताया गया कि छत्तीसगढ़ प्रदेश में हो रहे धर्मांतरण तथा छत्तीसगढ़ प्रदेश के नारायणपुर जिले में धर्मांतरण को लेकर जनजाति समाज के लोगो द्वारा विरोध किए जाने पर जनजाति समाज के लोगों पर रासुका लगाया जा रहा है यह अत्याचार हम बर्दाश्त नहीं करेंगे उसी के विरोध में संत जागरण पदयात्रा शुरुआत की गई और इस पद यात्रा का समापन रायपुर में होगा। इस पदयात्रा में मुख्य रूप से जितेंद्र पांडे प्रदीप गुप्ता हर्षवर्धन पांडे अमित अग्रवाल विक्रम सिंह जहां बड़ी संख्या में राम भक्त शामिल हैं।

## पवन खेड़ा का भाजयुमो ने किया पुतला दहन

- संवाददाता -
अंबिकापुर,23 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के ऊपर कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा द्वारा अमर्यादित टिप्पणी किए जाने के विरोध में भारतीय जनता युवा मोर्चा सरगुजा द्वारा जिलाध्यक्ष विश्व विजय सिंह तोमर के नेतृत्व में अंबिकापुर में पवन खेड़ा का पुतला दहन किया गया तथा कांग्रेस पार्टी और राहुल गांधी, सोनिया गांधी तथा मल्लिकार्जुन खड़गे के माफी मांगने की मांग करते हुए नारेबाजी की गई।

भाजयुमो जिलाध्यक्ष विश्व विजय सिंह तोमर ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के नेता द्वारा देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के ऊपर किए गए टिप्पणी से पूरा देश आहत है, जिसका भारतीय जनता युवा मोर्चा विरोध करते हुए आज पुतला दहन कर रही है और कांग्रेस के नेता पवन खेड़ा और राहुल गांधी से मांग करती है कि वो सार्वजनिक रूप से इस कृत्य के लिए माफी मांगे।





इस अवसर पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अमोघ कश्यप ने कहा कि देश के युवा इस घटना से आक्रोशित है और वह पवन खेड़ा को माफ नहीं करेंगे। जिला महामंत्री संजीव वर्मा ने कहा की पवन खेड़ा को सरगुजा की धरती पर आने नहीं दिया जाएगा, जब तक कि वह प्रधानमंत्री जी से क्षमा नहीं मांगते।

पुतला दहन के दौरान प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अनिरुद्ध मिश्रा, मनीष दुबे, जिला उपाध्यक्ष रोचक गुप्ता, शानू कश्यप, शरद सिन्हा, वीर सोनी, भाजयुमो नगर महामंत्री रवि सोनी, दीपक यादव,अनुराग शुक्ला, विवेक सिंह, मोंटी यादव अतिश पांडे, रौनी मिश्रा, हिमांशू सिंह सेंगर, रिशु अंबेस्ट, रजनीश सिंह, सौरभ मिश्रा, प्रिंस चौबे, राहुल दुबे, दीपू पांडेय,अश्वनी जयसवाल, अभिषेक तिवारी, युवराज कुमार, नितेश पांडे, आर्यन तिवारी, हनी दुबे, मिथिलेश कुमार आदि उपस्थित थे।

## दुल्हन की विदाई के बाद 8 बारातियों को लेकर लौट रही थी स्कॉर्पियो, अचानक रास्ते में अनियंत्रित होकर पलट गई,2 बारातियों की मौके पर ही हो गई मौत,2 बारातियों को गंभीर हालत में किया गया रेफर

- संवाददाता -
सूरजपुर,23 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

एक परिवार में शादी की खुशियां मातम में बदल गई। दरअसल सूरजपुर जिले के बसदेई चौकी अंतर्गत एक गांव में बुधवार की रात बारात आई थी। दुल्हन की विदाई के बाद गुरुवार की सुबह 8 बाराती एक स्कॉर्पियो में भरकर घर लौट रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में 2 बारातियों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि अन्य घायल हो गए। सभी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, यहां से 2 बारातियों की गंभीर हालत को देखते हुए अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया गया। सूरजपुर जिले के ग्राम कुरुवां से बुधवार की रात बसदेई चौकी क्षेत्र के ग्राम बंजा से लगे रजौलीपारा में बारात आई थी। गुरुवार की सुबह दुल्हन की विदाई हुई और बाराती अपने घरों के लिए निकल गए। स्कॉर्पियो क्रमांक सीजी 29 एसी 5069 में सवार होकर ग्राम कुरुवा निवासी सोनू 30 वर्ष व बिश्रामपुर के कुम्दा निवासी





ऋषभ 27 वर्ष समेत 8 बाराती लौट रहे थे। स्कॉर्पियो काफी तेज रफ्तार में थी। स्कॉर्पियो ग्राम बंजा स्थित एकलव्य आवासीय विद्यालय के सामने पहुंची ही थी कि तेज रफ्तार होने के कारण वह सडक़ छोड़ मैदान में कई बार पलट गई। इस दौरान वाहन का दरवाजा खुलने से कुछ लोग जमीन पर इधर-उधर जा गिरे। सिर में गंभीर चोट लगने से सोनू व ऋषभ की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि अन्य 6 घायल हो गए।

### घायलों को पहुंचाया गया अस्पताल

हादसे के बाद वहां गांव वालों की भीड़ लग गई। उन्होंने तत्काल मामले की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मृतकों व घायलों को सूरजपुर जिला अस्पताल में भर्ती कराया। यहां से 2 घायलों की गंभीर हालत को देखते हुए अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया गया, जबकि 4 बारातियों का इलाज जारी है।

### मौत से पसरा मातम

बारात से लौटने के दौरान 2 युवकों की मौत से उनके परिजनों का जहां रो-रोकर बुरा हाल है, वहीं खबर सुनकर दूल्हा व दुल्हन पक्ष के लोगों में भी मातम पसरा हुआ है। इधर पुलिस ने पीएम पश्चात दोनों मृतकों का शव उनके परिजन को सौंप दिया।

# पाकिस्तान की मदद को लेकर जयशंकर की दो टूक

### भारतीयों की भावनाओं को ध्यान में रखकर ही होगा विचार

**पूणे,23 फरवरी 2023(ए)।** आतंकवाद का समर्थन पाकिस्तान की आर्थिक बदहाली का एक बड़ा कारण है। भारतीय विदेश मंत्री जयशंकर की यह टिप्पणी पाक में लगातार बढ़ रहे आर्थिक संकट के बीच आई है। अपने एक बयान में उन्होंने पाकिस्तान के संदर्भ में कहा कि कोई भी देश अपनी समस्याओं से तब तक बाहर नहीं आ सकता जबतक उसका मुख्य मकसद सिर्फ आतंकवाद है।

### आतंकवाद भारत-पाकिस्तान के बीच मुख्य मुद्दा

विदेश मंत्री एस जयशंकर से जब सवाल किया गया कि क्या भारत मुसीबतों का सामना कर रहे अपने पश्चिमी पड़ोसी की मदद करेगा, इसके जवाब में उन्होंने कहा कि आतंकवाद भारत-पाकिस्तान के बीच मुख्य मुद्दा है। इससे कोई भी बच नहीं सकता है। विदेश मंत्रालय द्वारा आयोजित एशिया आर्थिक संवाद में उन्होंने कहा, अगर मुझे अपने किसी बड़े फैसले को देखना है तो मैं यह भी देखूंगा कि जनता की भावना क्या है। मेरे पास एक तर्क होगा कि मेरे लोग इसके बारे में क्या महसूस करते और सोचते हैं। और मुझे लगता है कि इसका जवाब सब जानते हैं।

### राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए सब कुछ करने को तैयार

विदेश मंत्री कहा कि आज हमारी छवि एक ऐसे देश की है जो अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए सब कुछ करने को तैयार है। हर देश की अपनी चुनौतियां हैं और कोई चुनौती राष्ट्रीय सुरक्षा से बड़ी नहीं हो सकती। यह काफी संयम रखने वाला देश है और यह ऐसा देश नहीं है जो दूसरों से लड़ता रहता है, लेकिन यह ऐसा देश भी नहीं है जिस पर दबाव




बनाया जा सके या उसे पीछे धकेला जा सके। यह ऐसा देश है जो अपनी सीमा को किसी को लांघने नहीं देगा। जयशंकर ने कहा, कुछ वर्षों से हमारी पश्चिमी सीमा पर परीक्षा ली जा रही है। मैं समझता हूं कि चीजें इस बार थोड़ी अलग हैं और सभी लोग इस बात से सहमत होंगे।

### भारत बन रहा है अन्य देशों की आवाज

उन्होंने कहा कि हमें उत्तरी सीमा पर भी परखा जा रहा है और भारत इस परीक्षा से कैसे निपटेगा, यह मुकाबला करने की हमारी ताकत को प्रदर्शित करेगा। रूस-यूक्रेन युद्ध का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा इस मामले में हम पर दबाव आए, ऐसे क्षण भी आए जब हमारे स्वतंत्र भाव और विश्वास को परखने का प्रयास किया गया। उन्होंने कहा कि हमें दुनिया में एक स्वतंत्र और दूसरे के अधिकारों के लिए खड़े होने वाले देश के रूप में देखा जा रहा है और इसके साथ ही हम अन्य देशों की आवाज भी बन रहे हैं।

### डाटा सुरक्षा डिजिटल दुनिया की बड़ी चुनौतियां

विदेश मंत्री ने कहा कि डाटा सुरक्षा और डाटा गोपनीयता डिजिटल दुनिया की सबसे बड़ी चुनौतियां हैं और इनसे जुड़े मुद्दों पर जी-20 बैठक के दौरान समाधान किए जाने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि जी20 बैठक ऐसे समय में हो रही है जब यूक्रेन-रूस युद्ध, कोविड महामारी और विश्व मंच पर इसके प्रभावों जैसे कारकों ने तनाव की कई परतें जमा दी हैं।

### कैरेबियन देशों के साथ भारत की नेचुरल बॉन्डिंग

जयशंकर ने कहा कि लैटिन अमेरिकी और कैरेबियन देशों के साथ भारत की नेचुरल बॉन्डिंग है। प्रमुख वैश्विक मुद्दों पर भी हमारे हित आपस में जुड़े हुए हैं। भारत का ध्यान व्यापार, निवेश और जलवायु परिवर्तन सहित कई क्षेत्रों में दो-तरफा विस्तार करने पर रहा है। लैटिन अमेरिका और कैरेबियन के साथ भारत का वार्षिक व्यापार 50 अरब अमेरिकी डालर से भी ज्यादा है और यह निरंतर बढ़ रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### देश के पहले गवर्नर के परपोते ने छोड़ी कांग्रेस

#### मल्लिकार्जुन खड़गे को भेजा इस्तीफा

**नई दिल्ली, 23 फरवरी 2023(ए)।** कांग्रेस के दिग्गज नेता और देश के पहले गवर्नर जनरल सी राजगोपालाचारी के पोते सीआर केसवन ने कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया है। सीआर केसवन ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को अपना त्यागपत्र भेजा है।




गुरुवार को दिए अपने इस्तीफे में सीआर केसवन ने लिखा कि वह पार्टी के लिए बीते दो दशकों से काम कर रहे हैं, लेकिन अब उन मूल्यों में कमी आई है, जो उन्हें पार्टी के लिए काम करने के लिए प्रेरित करते थे। केसवन ने लिखा कि पार्टी जो मौजूदा वक्त में दिख रही है, उसके साथ वह सहज महसूस नहीं कर रहे हैं।

केसवन ने लिखा कि इसी वजह से उन्होंने हाल ही में राष्ट्रीय स्तर पर होने वाले पार्टी के लिए कार्यक्रम की जिम्मेदारी नहीं उठाई और ना ही वह भारत जोड़ो यात्रा में शामिल हुए। केसवन ने लिखा कि अब समय आ गया है कि वह नए रास्ते पर आगे बढ़ें और इसलिए वह पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे रहे हैं।

केसवन ने तमिलनाडु कांग्रेस कमेटी चैरिटेबल ट्रस्ट के ट्रस्टी को भी अपना इस्तीफा भेज दिया है। केसवन ने अन्य पार्टी में शामिल होने की बात से फिलहाल इनकार किया है। हालांकि उन्होंने लिखा कि उन्हें खुद नहीं पता कि आने वाले वक्त में क्या छिपा है।

## तुर्की-सीरिया के बाद अब तजाकिस्तान की भी मदद करेगा भारत

### पीएम मोदी ने लिया स्थिति का जायज

**नई दिल्ली, 23 फरवरी 2023(ए)।** तुर्की-सीरिया के बाद अब तजाकिस्तान और अफगानिस्तान में भी भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए हैं। भूकंप का केंद्र अफगानिस्तान के फैजाबाद से 265 किमी दूर तजाकिस्तान में था। इसके अलावा तजाकिस्तान में मुर्गोब से 67 किमी पश्चिम में भी 6.8 तीव्रता का भूकंप आया। इस बीच जानकारी मिल रही है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तजाकिस्तान में भूकंप के बाद की स्थिति के बारे में जानकारी ली है। सूत्रों के मुताबिक वे तजाकिस्तान में भूकंप के प्रभाव से संबंधित घटनाक्रमों की निगरानी कर रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक भारत, तजाकिस्तान की भूकंप के हालातों से निपटने में मदद करेगा। भारत भूकंप के बाद की स्थिति पर नजर रख रहा है। भारत आपदा की घड़ी में तजाकिस्तान की सहायता करेगा। जानकारी के मुताबिक, भारतीय अधिकारी तजाकिस्तान के अधिकारियों के साथ संपर्क में हैं और भारत सरकार के संबंधित निकाय जरूरी मदद के लिए निकटता से समन्वय कर रहे हैं।



### मरने वालों का आंकड़ा 50,000 के पार

आपको बता दें कि तुर्की और सीरिया में 6 फरवरी को आए भूकंप के बाद अब तक मरने वालों की संख्या 50,000 के पार कर गई है। सिर्फ तुर्की में 43 हजार से अधिक शव मिल चुके हैं। तुर्की के आंतरिक मंत्री सुलेमान सोयलू ने कहा कि देश में अब तक कुल 43,556 शव मिल चुके हैं। सोयलू का यह बयान 11 राज्यों में चल रहे बचाव राहत कार्यों के बीच आया है। आपको बता दें कि इस भूकंप ने तुर्की के कई शहरों के तबाह कर दिया है। इस आपदा में जिंदा बचे हुए कई लोग बेघर हो गए हैं।

### भारत ने भेजा बचाव दल

भारत ने तुर्की-सीरिया की मदद के लिए ऑपरेशन दोस्त बचाव दल भेजा था। इस ऑपरेशन के लिए रातों-रात 140 से ज्यादा पासपोर्ट तैयार किए गए थे। इतना ही नहीं, बचाव दल की टीम करीब 10 दिनों तक वहां रही। संकट के इस दौर में 10 दिनों तक भारतीय सेना के जवान अपनी परवाह किए देवदूत बनकर तुर्की लोगों की मदद में जुटे रहे। दल बचाव अभियान पूरा कर वापस लौटी चुका है।

### ऑपरेशन दोस्त ने जीता लोगों का दिल

जब भारतीय जवान लौट रहे थे, तो उन्हें विदा करते समय तुर्किए के कई नागरिक भावुक हो गए। अपने हिंदुस्तानी दोस्तों के लिए उन्हें शुक्रिया कहते वक्त उनकी आंखें छलक आई। भूंकप पीड़ितों की मदद के लिए ऑपरेशन दोस्त के तहत भारत से भेजी गई टीम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार मुलाकात भी की और बातचीत की।



## पेपर लीक मामले में आयोग के अधिकारी का भांजा गिरफ्तार

**डोभाल , 23 फरवरी 2023(ए)।** जेई/एई पेपर लीक केस मामले में गुरुवार को एसआईटी ने लोक सेवा आयोग के सेक्शन आफिसर संजीव चतुर्वेदी के भांजे को गिरफ्तार किया है। इसके अलावा पेपर देने वाले अभ्यर्थी को भी गिरफ्तार किया गया है, जो पेपर देने के साथ–साथ एजेंट के तौर पर भी काम कर रहा था। वहीं पेपर लीक मामले में पचास हजार का ईनामी भाजपा नेता अभी फरार चल रहा है। जिसकी तलाश की जा रही है। वहीं मुख्य आरोपी राजपाल की पुलिस रिमांड से साढे तीन लाख रुपए का सोना भी बरामद किया गया है। छ्श्/श्व पेपर लीक केस मामले में अब तक नौ लोग गिरफ्तार हो चुके हैं।

एसएसपी हरिद्वार अजय सिंह ने बताया कि संजीव चतुर्वेदी के भांजे अनुराग पांडे निवासी बासखेडी बलिया उत्तर प्रदेश ने पेपर लीक कराकर अभ्यर्थियों को तैयारी कराई थी। इसके बैंक खाते भी सीज कर दिए गए हैं जो करीब 13 लाख रुपए से अधिक के हैं। दूसरा आरोपी विशु बेनीवाला पुत्र कृष्ण लाल निवासी मंडावली मंगलौर है जिसने एई और जेई परीक्षा भी दी है और दूसरे अभ्यर्थियों को भी एजेंट के तौर पर लाया था। वहीं तीसरा आरोपी अवनीश उर्फ अश्वनी निवासी नारसन खुर्द मंगलौर है जो एजेंट के तौर पर काम कर रहा था। इनके कब्जे से तीन लाख रुपए की नगदी भी बरामद की गई है। वहीं परीक्षा लीक मामले में फरार भाजपा नेता संजय धारीवाल का अभी तक पता नहीं चल पाया है। संजय धारीवाल ग्राम प्रधान भी है और फिलहाल गुप्त ठिकाने पर छिपा हुआ हैं इसके अलावा डेविड नाम का व्यक्ति भी फरार है। दोनों पर पचास हजार रुपए का ईनाम भी घोषित किया हुआ है। फिलहाल पुलिस इनकी तलाश कर रही है।

## सुप्रीम कोर्ट से पनीर सेल्वम को बड़ा झटका




### पलानीस्वामी ही हैं एआईएडीएमके के असली 'स्वामी

**नई दिल्ली, 23 फरवरी 2023(ए)।** एआईएडीएमके पार्टी में नेतृत्व विवाद पर सुप्रीम कोर्ट ने आज अपने फैसले से विराम लगा दिया। सुप्रीम कोर्ट ने एडप्पादी पलानीस्वामी को अंतरिम जनरल सेकेट्री बनाए रखने के फैसले को बरकरार रखा है। 30 सितंबर 2022 को सुप्रीम कोर्ट ने अन्नाद्रमुक नेता और तमिलनाडु के पूर्व मुख्यमंत्री ओ पनीरसेल्वम की याचिका पर नोटिस जारी किया था। पनीरसेल्वम ने मद्रास हाईकोर्ट के फैसले को चुनौती दी थी। एडप्पादी पलानीस्वामी को अंतरिम जनरल सेकेट्री के रूप में जारी रखने की अनुमति देने को चुनौती दी गई है।

सुप्रीम कोर्ट ने पलानीस्वामी की ओर से इस अंडरटेकिंग को रिकॉर्ड पर लिया था जिसमें कहा गया कि सुप्रीम कोर्ट के सुनवाई करने तक जनरल सेकेट्री का चुनाव नहीं होगा। पलानीस्वामी की ओर से पेश सी आर्यमा सुंदरम ने कहा था कि जब तक मामले का अंतिम रूप से फैसला नहीं हो जाता, तब तक जनरल सेकेट्री का कोई चुनाव नहीं होगा। ओपीएस ने मद्रास हाईकोर्ट की पीठ द्वारा पारित 2 सितंबर 2022 के आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। जिसने एआईएडीएमके नेतृत्व के संबंध में यथास्थिति बनाए रखने के लिए एकल पीठ के आदेश को उलट दिया क्योंकि ये आदेश अंतरिम जनरल सेकेट्री के रूप में एडप्पादी पलानीसामी के चुनाव से पहले दिया था।

## दुबई सड़क हादसे में कर्नाटक के एक परिवार के चार सदस्यों की मौत



**रायचूर , 23 फरवरी 2023(ए)।** कर्नाटक के रायचूर जिले के चार व्यक्ति उमराह के लिए गए थे और दुबई में एक सड़क दुर्घटना में मारे जाने का मामला गुरुवार को प्रकाश में आया। मृतकों की पहचान रायचूर कृषि विश्वविद्यालय के कर्मचारी शफी सुलेदा (53), उनकी पत्नी शिराज बेगम (47), बेटी शिफा (20) और मां बीबी जान (64) के रूप में हुई है।

रायचूर के एसपी बी. निखिल ने बताया है कि, मृतक शफी सुलेदा का बेटा समीर गंभीर रूप से घायल है और उसका इलाज दुबई के एक अस्पताल में चल रहा है। परिवार 14 फरवरी को रायचूर से मक्का गया था। हादसा दुबई में हुआ, जब वे मंगलवार शाम (21 फरवरी) को एक बस में सफर कर रहे थे। अधिकारियों के मुताबिक बस एक कंटेनर से टकरा गई।

उन्होंने कहा, हम मामले के बारे में अधिक जानकारी की प्रतीक्षा कर रहे हैं और अधिकारी पीड़ितों के परिवार के संपर्क में हैं।

## वकीलों को सफेद बैंड,लॉ इंटर्न को काली टाई,कोट और पैंट पहनना होगा : दिल्ली हाईकोर्ट

**नई दिल्ली, 23 फरवरी 2023(ए)।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने गुरुवार को कहा कि सर्वोच्च न्यायालय, उच्च न्यायालय या जिला अदालतों में मामलों का प्रतिनिधित्व करते समय वकील को सफेद पट्टी (बैंड) पहननी चाहिए और लॉ इंटर्न को काली टाई, कोट, पैंट और सफेद शर्ट के ड्रेस कोड का पालन करना होगा। न्यायमूर्ति प्रतिभा एम सिंह की एकल-न्यायाधीश की पीठ ने कहा कि शाहदरा बार एसोसिएशन (एसबीए) का सर्कुलर इंटर्न को नीला कोट पहनने के लिए कहता है, क्योंकि बार काउंसिल ऑफ दिल्ली (बीसीडी) के प्रस्ताव में इंटर्न के लिए काली टाई, कोट, पैंट और एक सफेद शर्ट अनिवार्य है। अदालत एसबीएस के सर्कुलर को चुनौती देने वाले हार्दिक कपूर नाम के दूसरे वर्ष के कानून के छात्र की याचिका पर सुनवाई कर रही थी। विभिन्न संघों के सभी इंटर्न के लिए एक समान कपड़े निर्धारित करने के मद्देनजर, दिल्ली उच्च न्यायालय ने 1 दिसंबर को एसबीए के प्रस्ताव पर रोक लगा दी थी और बीसीडी को




राष्ट्रीय राजधानी में सभी बार संघों और अन्य हितधारकों की बैठक आयोजित करने के लिए कहा था, ताकि इस बात पर आम सहमति बन सके कि वर्दी कानून के इंटर्न को क्या पहनना चाहिए। उन्होंने कहा था, इंटर्न की बड़ी संख्या को ध्यान में रखते हुए, सभी हितधारकों की सहमति से एक समान नीति बनाई जानी चाहिए। एक समान वर्दी निर्धारित की जानी चाहिए क्योंकि अगर अलग-अलग संघ अलग-अलग वर्दी निर्धारित करते हैं तो इंटर्न को असुविधा होगी।

गुरुवार को सुनवाई के दौरान कोर्ट को बताया गया कि बीसीडी ने 16 दिसंबर को एक प्रस्ताव पारित किया है, जिसमें उसने दुख जताया है कि इंटर्न के लिए खास बात यह है कि यह काली टाई होगी। याचिकाकर्ता की ओर से पेश एडवोकेट उज्जवल घई ने कहा कि एसबीए सर्कुलर कानून के अधिकार के बिना है क्योंकि वकीलों और इंटर्न की वर्दी के संबंध में नियम बनाना बीसीडी का विशेषाधिकार है, जिन्होंने बार काउंसिल ऑफ इंडिया रूल्स ऑफ एजुकेशन, 2008 के नियम 27 को पहले ही बना रखा है जो वर्तमान में लागू है।

सुनवाई के बाद, न्यायाधीश सिंह ने कहा कि इस मामले में एसबीए का सर्कुलर रद्द करना होगा और याचिका का निस्तारण कर दिया। इंटर्न को वकीलों से अलग करने के लिए, एसबीए ने 24 नवंबर को दिल्ली के कड़कड़डूमा कोर्ट में इंटर्न को काला कोट पहनने से प्रतिबंधित करने का फैसला पारित किया था। उन्हें एक दिसंबर से सफेद शर्ट, नीला कोट और पतलून पहनने को कहा गया था।



## पूर्व विधायक को आचार संहिता उल्लंघन के आरोप में एक महीने की जेल

**शामली 23 फरवरी 2023(ए)।** एक स्थानीय अदालत ने बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के पूर्व विधायक करतार सिंह भड़ाना को 2014 के लोकसभा चुनावों के दौरान यहां आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन का दोषी पाया और उसे सजा सुनाई। साथ ही कोर्ट ने पूर्व विधायक पर 100 रुपए जुर्माना भी लगाया है। नौ साल पहले 68 वर्षीय भड़ाना ने 2014 के लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान शामली में एक जनसभा की थी। मामले की जानकारी देते हुए शामली के पुलिस अधीक्षक अभिषेक ने कहा, भड़ाना ने 2014 के लोकसभा चुनाव के दौरान बाबरी थाना क्षेत्र के बुतराडा गांव में करीब 100-150 समर्थकों के साथ बिना अनुमति के एक जनसभा की थी। इस पर मामला दर्ज किया गया था। मामले में एक अप्रैल 2014 को उसके खिलाफ कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की गई थी।

पुलिस अधिकारी के मुताबिक, सिविल जज सीनियर डिवीजन/अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट विजय कुमार वर्मा की अदालत ने बसपा नेता को एक महीने की कैद और 100 रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है।

जुर्माना अदा न करने पर 10 दिन के अतिरिक्त कारावास का भी प्रावधान किया गया है।

## उल्फा-आई के सदस्य ने असम पुलिस के सामने सरेंडर किया

**गुवाहाटी , 23 फरवरी 2023(ए)।** प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन यूनाइटेड लिबरेशन फ्रंट ऑफ असम-इंडिपेंडेंट (उल्फा-आई) के एक सदस्य ने असम पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया है। पुलिस के अनुसार, बिक्रमजीत चेतिया उर्फ रंजीत असोम के रूप में पहचाने जाने वाला कैडर बुधवार को असम-अरुणाचल प्रदेश सीमा पर पहुंच गया।



वह म्यांमार में संगठन के गुप्त ठिकाने से आ रहा था।

डिब्रूगढ़ जिले के पुलिस अधीक्षक श्वेतांक मिश्रा ने कहा, चेतिया चबुआ क्षेत्र का मूल निवासी है। वह पिछले साल जुलाई में उल्फा-आई शिविर में शामिल हुआ था। उसे म्यांमार के सागियांग प्रांत में स्थित प्रतिबंधित संगठन के शिविर में प्रशिक्षित किया गया था और बाद में मुख्यालय में तैनात किया गया था।

हालांकि, उल्फा-आई में शामिल होने के तुरंत बाद, वह हथियार डालकर मुख्यधारा में लौटने का इच्छुक था। पुलिस को चेतिया के परिजनों व रिश्तेदारों से सूचना मिली।

मिश्रा ने कहा, जब पुलिस ने उसे सहायता के लिए प्रतिबद्ध किया, तो चेतिया ने आत्मसमर्पण करने का फैसला किया। वह बिना किसी हथियार या गोला-बारूद के वापस आ गया।

## रिम्स में डॉक्टरों-नर्सों की हड़ताल से 28 मरीजों की मौत पर हाईकोर्ट ने सरकार से मांगा जवाब

### पूछा- परिजनों को मुआवजा मिला या नहीं ?

**रांची , 23 फरवरी 2023(ए)।** जून 2018 में रांची स्थित मेडिकल कॉलेज रिम्स में जूनियर डॉक्टरों और नर्सों की हड़ताल के दौरान 28 मरीजों की मौत के मामले में झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से जवाब मांगा है। कोर्ट ने सरकार से पूछा है कि इस मामले में उसके स्तर से क्या कार्रवाई हुई और जिन लोगों की मौत हुई, उनके परिजनों को मुआवजा मिला या नहीं? हाईकोर्ट ने इस मामले को लेकर दायर एक जनहित याचिका पर गुरुवार को सुनवाई की। याचिका झारखंड छात्र संघ की ओर से दायर की गई थी। इसमें बताया गया है कि 1 जून 2018 को रिम्स में एक पेशेंट की मृत्यु कथित रूप से गलत ट्रीटमेंट की वजह से हो गई थी। इसके बाद मृतक के परिजनों ने प्रोटेस्ट किया था। इसे लेकर रिम्स के जूनियर डॉक्टरों और मृतक के परिजनों के बीच झड़प हुई थी। इसके बाद रिम्स में 2 जून 2018 से जूनियर डॉक्टरों एवं नर्सों ने स्ट्राइक कर दिया था। स्ट्राइक के दौरान रिम्स में संपूर्ण चिकित्सा व्यवस्था ध्वस्त हो गई। इस दौरान करीब 35 मरीजों का ऑपरेशन टल गया। 600 से ज्यादा मरीज रिम्स से बगैर इलाज के वापस लौट गए। इलाज के बिना 28 मरीजों की भी मौत भी हुई थी।




मामले को लेकर कोतवाली थाना में जिम्मेदार जूनियर डॉक्टरों एवं नर्स के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी, लेकिन जूनियर डॉक्टरों एवं नर्सों को नोटिस दिए जाने के अलावा कोई कार्रवाई नहीं हुई। याचिका में इस पूरे मामले की जांच कमेटी बनाकर करने और इस घटना के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ एक्शन लेने की मांग की गई है।

चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने याचिका पर सुनवाई करते हुए मौखिक तौर पर कहा कि रिम्स जैसे अस्पताल में मरीजों का उपचार अनिवार्य सेवा के अंदर आता है। ऐसे में चिकित्सकों एवं नर्सों की स्ट्राइक नहीं होनी चाहिए थी।

कोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा है कि इस मामले में क्या एक्शन लिया गया, मृतकों के परिजनों को मुआवजा देने, उनके पुनर्वास करने आदि पर कोई पहल हुई या नहीं, हड़ताल करने वाले जूनियर डॉक्टरों एवं नर्सों पर कोई कार्रवाई हुई या नहीं। कोर्ट ने मामले की सुनवाई 16 मार्च निर्धारित की। कोर्ट में प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता मुख्तार खान ने दलीलें पेश की।

CMYK

# आखिर क्या वजह है कि नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष से खुश नहीं भाजपाई?






- राजसभा सांसद कह रही नाराजगी नहीं है पर नारे तो नाराजगी के लगे
- जो हाल कोरिया जिलाध्यक्ष का वह हाल एमसीबी जिलाध्यक्ष है, नाराजगी के बीच कैसे फतह होगा विधानसभा चुनाव?
- भाजपा की राज्यसभा सांसद सरोज पांडेय के स्वागत में लगे किनारे मोर्चा जिंदाबाद और सिंडिकेट कम्पनी हाय हाय के नारे
- चिरमिरी के हल्दीबाड़ी चौक में उपेक्षित कार्यकर्ताओ ने सरोज पांडेय के सामने लगाए किनारे मोर्चा जिंदाबाद के नारे
- सरोज पांडेय से कार्यकर्ताओ ने अपना दर्द किया बयां
- कार्यकर्ताओ का आरोप जिलाध्यक्ष अनिल केशरवानी और मंडल अध्यक्ष चिरमिरी रघुनंदन यादव कर रहे कर्मठ कार्यकर्ताओ की उपेक्षा

- रवि सिंह -
चिरमिरी/मनेद्रगढ 23 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

भाजपा से राज्यसभा सांसद सरोज पाण्डेय एमसीबी नवीन जिले पहुंची तो उनका स्वागत कई जगह भाजपा नेताओं ने किया, कोरबा खडगांव सीमा से लगे धनपुर ग्राम में जहां जिला पंचायत अध्यक्ष सहित भाजपा नेताओं ने उनकी अगुवानी कर स्वागत किया वहीं चिरमिरी पहुंचने पर भी कई जगह उनका स्वागत हुआ, चिरमिरी के हल्दीबाड़ी चौक में भाजपा में ही उपेक्षित भाजपाइयों ने राज्यसभा सांसद सरोज पाण्डेय का गर्मजोशी से स्वागत किया एवम वहां अलग ही तरह का नारा लगाया, किनारे मोर्चा जिंदाबाद सहित सिंडीकेट कंपनी हाय हाय के नारे लगाते भाजपाइयों ने राज्यसभा सांसद एवम भाजपा नेत्री का स्वागत किया,किनारे मोर्चा का नारा उन्होंने लगाया जिन्हे वर्तमान में भाजपा से ही किनारे कर दिया गया है। उपेक्षित कार्यकर्ताओं ने इसीलिए इस तरह के नारे लगाए। नाराज भाजपा कार्यकर्ताओं ने अपना दर्द भी राज्यसभा सांसद से बयान किया और बताया की किस तरह जिलाध्यक्ष अनिल केशरवानी साथ ही मंडल अध्यक्ष चिरमिरी रघुनंदन यादव पार्टी के कर्मठ कार्यकर्ताओं की उपेक्षा कर रहे हैं। राज्यसभा सांसद सरोज पाण्डेय मोर आवास मोर अधिकार योजना से वंचित हितग्राहियों के हक की लड़ाई लड़ने एमसीबी जिले के दौरे पर थी और चिरमिरी पहुंची थीं।

ज्ञात हो की नवीन जिला बनते ही एमसीबी को पहली बार अनिल केसरवानी के नाम के साथ भाजपा जिलाध्यक्ष मिला पर मिलने के बाद से एमसीबी जिले को जहां इस नाम के साथ संगठित होना था वहां आंतरिक कलह में तब्दील होकर संगठन बिखरता नजर आ रहा है, कार्यकर्ताओं पदाधिकारियों में असमंजस की कमी दिख रही और सामने 2023 विधानसभा चुनाव और समय भी कम बचे हैं इसके बावजूद जिलाध्यक्ष को जो जिम्मेदारी मिली है वह उस जिम्मेदारी को अकेले निभा नहीं सकते उन्हें एक बड़ी टीम की जरूरत है और बिना आपसी तालमेल के वह कैसे टीम को एकजुट कर पाएंगे यह बड़ा सवाल है नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष के लिए भाजपा के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं का एक बहुत बड़ा वर्ग सहमत नहीं है उनके साथ कदम से कदम मिलाकर चलने की बात तो दूर उनके साथ बैठने को भी तैयार नहीं है आखिर जिलाध्यक्ष में ऐसी क्या कमी है कि वह सभी को संगठित कर पाने में असफल दिख रहे हैं उनकी नेतृत्व में ही सेंध लग रही है ऊपर तक गलत संदेश जा रहा है सत्ता पक्ष भी मजे ले रहा है फिर भी आंतरिक कलह को दूर करने का प्रयास दिखता नजर नहीं आ रहा।

### सैकड़ो कार्यकर्ताओं द्वारा भाजपा जिले के अध्यक्ष पर लगाए गए आरोपों का दंश झेलना पड़ा

जिले में पहुंची राज्यसभा सांसद व भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय महासचिव जब चिरमिरी नगर निगम व जिला मुख्यालय मनेंद्रगढ़ पहुंची तो पहुंची तो उन्हें खुद ही भारतीय जनता पार्टी के सैकड़ो कार्यकर्ताओं द्वारा भाजपा जिले के अध्यक्ष पर लगाए गए आरोपो का दंश झेलना पड़ा। वहीं भाजपा कार्यकर्ता अपनी पार्टी के जिला अध्यक्ष अनिल केसरवानी के ऊपर आरोप लगाते हुये की जब से वे जिला अध्यक्ष का पदभार ग्रहण किया है तब से वे अपनी ही पार्टी के पुराने पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं की लगातार उपेक्षा कर रहे है।

### एमसीबी जिला भाजपा का अंतरकलह खुलकर आया सामने

एमसीबी जिला पंहुची राज्यसभा सांसद सरोज पाण्डेय के सामने जिला भाजपा का अंतरकलह खुलकर सामने आया,चुनावी वर्ष में इस तरह से आपसी मनमुटाव भाजपा के लिए बिल्कुल नुकसानदायक होगा यह जानते हुए भी भाजपा जिला संगठन ने ऐसी गलतियां की जिसकी वजह से राज्यसभा सांसद के सामने गुटबाजी नजर आई। नए नए जिले के नए भाजपा जिलाध्यक्ष पहले ही नेता के दौरे में अपनी साख नहीं बचा पाए और पार्टी बिखरी नजर आई यह भी देखने को मिला।

### कोरिया भाजपा अध्यक्ष जैसी ही एमसीबी भाजपा अध्यक्ष की कार्यप्रणाली,किस तरह भाजपा जीतेगी विधानसभा चुनाव

कोरिया जिला भाजपा अध्यक्ष की ही तरह नवीन जिला एमसीबी के भाजपा जिलाध्यक्ष की कार्यप्रणाली नजर आ रही है और यह आरोप भाजपा के ही कार्यकर्ता एवम सदस्य दोनो पर लगा रहें हैं,दोनो संगठन में अपनी मनमानी चला रहें हैं और जिसका असर बड़े नेताओं के जिले आगमन पर देखने को मिलता है जो एमसीबी जिला पहुंची राज्यसभा सांसद के कार्यक्रमों में भी देखने को मिला जहां भाजपा जिलाध्यक्ष पर मनमानी साथ ही पुराने कार्यकर्ताओं को किनारे लगाने का आरोप लगा। राज्यसभा सांसद ने भले ही बातों को और विरोध प्रदर्शन को कोई बड़ी बात नहीं बताया लेकिन सत्ता से दूर भाजपा के लिए क्या यह सही संकेत है यह एक सवाल जरूर है। भाजपा जिलाध्यक्ष से नाराज भाजपा के ही लोग यदि भाजपा से अपना मोह भंग कर लेंगे जरूर विधानसभा चुनाव में भाजपा को इसका नुकसान होगा जो माना भी जा रहा है।

### राज्यसभा सांसद को कहना पड़ा बंद कीजिए कैमरा

एमसीबी में भाजपा जिलाध्यक्ष का विरोध राज्यसभा सांसद के सामने ही जब होने लगा और जमकर होने लगा और उनपर वरिष्ठ भाजपाइयों को किनारे लगाने का आरोप लगने लगा राज्यसभा सांसद ने पहले तो बात को गंभीर न बताते हुए परिवार की बात बताई लेकिन जब विरोध ज्यादा होने लगा उन्होंने खुद कैमरा बंद करने की बात की और विरोध को बाहर जाने से रोकने का प्रयास किया। वैसे यदि देखा जाए तो जिस तरह का विरोध भाजपा जिलाध्यक्ष को लेकर दर्ज हुआ उसको देखते हुए कहा जा सकता है की जिलाध्यक्ष सामंजस्य बना पाने में असमर्थ हैं और वह मनमानी करके ही संगठन को गति देना चाहते हैं जिसका नुकसान पार्टी को होना तय है।

### आखिर क्या है वजह जो नए जिलाध्यक्ष से खुश नहीं हैं एमसीबी जिले के भाजपाई

एमसीबी जिले के भाजपाई जिलाध्यक्ष से खुश नहीं हैं यह राज्यसभा सांसद के जिला आगमन पर देखा गया। भाजपाई जिलाध्यक्ष से क्यों नाराज हैं इसके पीछे की क्या वजह है यह पूरी तरह तो सामने नहीं आ सका लेकिन यह जरूर कहा जा सकता है की उनकी नीति में सभी को एकसाथ लेकर चलना नहीं है और वह एकला चलो की नीति के साथ पार्टी को चलाना चाहते हैं और यही वजह है नाराजगी की।

### राज्यसभा सांसद ने आंतरिक कलह को एक सिरे से किया खारिज

जिसके बाद कार्यकर्ताओं द्वारा जिलाध्यक्ष के खिलाफ नारेबाजी की गई। भाजपा कार्यकर्ताओं की नाराजगी को लेकर पत्रकारों के द्वारा पूछे गए प्रश्न के दौरान राज्यसभा सांसद सरोज पांडे ने पल्ला झाड़ते हुए कहा कि मैंने उनसे कहा है कि मैं दोबारा आकर उनके साथ बैठक लेकर उनसे बात करूंगी और जब परिवार बढ़ता है तो यह एक स्वाभाविक प्रक्रिया है ये परिवार में होता ही रहता है और इससे संगठन को मजबूती ही मिलती है और आने वाले आगामी चुनाव में सभी एक साथ मिलकर चुनाव लड़ेंगे।

## यातायात नियमों के प्रति जागरूकता कार्यक्रम में पुलिस का सहयोग करेंगे स्कूल के छात्र

- संवाददाता -
सूरजपुर,23 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

लोगों को यातायात सुरक्षा के प्रति जागरूक करने पुलिस की मुहिम में स्कूली छात्र खुद भी आगे आने लगे है। गुरूवार को नगर में स्थित एक विद्यालय के छात्र जिला पुलिस कार्यालय पहुंचे और पुलिस अधीक्षक सूरजपुर



रामकृष्ण साहू (भा.पु.से.) से मुलाकात कर यातायात नियमों के प्रति चलाए जा रहे जागरूकता कार्यक्रम में पुलिस को सहयोग करने की दिशा में कार्य करने की मंशा जाहिर किया। सूरजपुर स्थित शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के छात्र जगदीश राजवाड़े, संजीत टोप्पो व आशीष कमरो ने आमजनों को यातायात के नियमों के प्रति जागरूकता के इस पुनित कार्य में सहयोग देने की बात कही। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने यातायात नियमों के प्रति जागरूकता के कार्यो में खुद से आगे आकर सहयोग करने की बात पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए छात्रों को कहा कि हम सभी का कर्तव्य है कि अधिक से अधिक लोगों को यातायात नियमों की जानकारी देकर उन्हें जागरूक बनाए, जीवन को सुरक्षित रखने के लिए यातायात के नियमों का पालन करना जरूरी है। सुरक्षित जीवन के लिए सुरक्षित यात्रा आवश्यक है। यातायात नियम समाज हित में हैं।

## अवैध कोयला के कारोबार पर सूरजपुर पुलिस की लगातार कार्यवाही जारी,20 हजार रूपये कीमत के 4 टन कोयला व परिवहन में प्रयुक्त ट्रेक्टर सहित 3 गिरफ्तार

- संवाददाता -
सूरजपुर,23 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

अवैध कोयला के कारोबार पर जिले की पुलिस का एक्शन लगातार देखा जा रहा है। कोयला चोरी तथा अवैध रूप से कोयला परिवहन पर अंकुश लगाने के लिए प्राप्त होने वाली सूचना पर पुलिस लगातार कार्यवाही करने में जुटी हुई है। पुलिस महानिरीक्षक, सरगुजा रेंज रामगोपाल गर्ग (भा.पु.से.) के सतत मार्गदर्शन में पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू (भा.पु.से.) ने अवैध कोयला के कारोबार पर पूर्ण रूप से अंकुश लगाने के निर्देश थाना-चौकी प्रभारियों को दिया है। इसी क्रम में दिनांक 17. फरवरी को थाना रामानुजनगर पुलिस को साइबर प्रहरी कार्यक्रम से जुड़े एक प्रहरी ने सूचना दिया कि ग्राम मंहगई स्कूल पारा निवासी विकास जायसवाल अपने घर के पीछे




चोरी का कोयला अवैध रूप से एकत्रित करके रखा है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची जहां विकास जायसवाल के घर के पीछे लावारिश हालत में अवैध कोयला करीब 4 टन कीमत करीब 20 हजार रूपये का पाया गया जिसे धारा 102 जा.फौ. के तहत कार्यवाही कर जप्त किया गया और वहीं के एक व्यक्ति को सुपुर्दनामा पर सौंपा गया।रामानुजनगर पुलिस ने जांच के दौरान पाया गया कि जप्त कोयला विकास जायसवाल के द्वारा अवैध रूप से खरीदी कर घर के पीछे रखवाया था जिसके बाद पुलिस ने विकास को पकड़ा। पूछताछ पर उसने बताया कि गेतरा निवासी धनराज सिंह के ट्रेक्टर से नावापारा खुर्द निवासी आमीन खान अपने लिए चोरी का कोयला मंगवा रहा था जिसे विकास के द्वारा सौंदा कर अपने घर के पीछे रखवाया था। उक्त कोयला चोरी का होने पर धारा 41(1-4)/379 भादसं. के तहत कार्यवाही कर आरोपी विकास जायसवाल पिता राजेन्द्र प्रसाद जायसवाल उम्र 30 वर्ष निवासी मंहगई, थाना रामानुजनगर, धनराज सिंह पिता नहर सिंह उम्र 34 वर्ष निवासी ग्राम गेतरा, थाना सूरजपुर व आमीम खान पिता सुबेदार खान उम्र 37 वर्ष निवासी नवापारा खुर्द, थाना रामानुजनगर को गिरफ्तार किया गया।

## रविदास समाज की संभागीय एवं जिला कार्यकारिणी में हुई नियुक्ति

बैकुण्ठपुर 23 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

रविदास भवन बैकुंठपुर में संभागीय अध्यक्ष माननीय? अशोक लाल कुर्रे जी के मार्गदर्शन में एवं जिला अध्यक्ष माननीय डीएल भास्कर एवं युवा प्रकोष्ठ




के जिला अध्यक्ष माननिय राजमन रवि जी के नेतृत्व में रविदास समाज के कारवाई को आगे बढ़ाने के लिए संभाग एवं जिला कार्यकारणी को गति देते हुए श्री राजेंद्र सोलंकी जी को रविदास समाज के संभागीय उपाध्यक्ष, दिलराज रवि जी को जिला उपाध्यक्ष, एवं संतोष कुर्रे (मोंटी) को युवा प्रकोष्ठ के जिला उपाध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया गया।

रविदास समाज के सामाजिक बैठक में अत्यधिक संख्या में समाज के पदाधिकारी एवं लोग शामिल हुए जहां सामाजिक उत्थान के लिए सर्वसम्मति से उक्त व्यक्तियों को नामित किया गया। पदाधिकारियों ने अपने उद्बोधन में नवनियुक्त पदाधिकारियों से अपील करते हुए समाज के उत्थान के लिए कार्य करने को प्रेरित किया। साथ ही नवनियुक्त पदाधिकारियों ने भी सामाजिक उत्थान के लिए प्रण लिया।

## अमर्यादित वक्तव्य देकर आदिवासी समाज के मान सम्मान को ठेस पहुंचाने वाले दुर्गा शंकर के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने दिया गया ज्ञापन

- संवाददाता -
मनेन्द्रगढ़/केल्हारी 23 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

भाजपा के मंच से भाजपा नेता दुर्गा शंकर मिश्रा द्वारा आदिवासी समाज के नेता एवं संवैधानिक पद पर आसीन शासख्सियत के खिलाफ अमर्यादित वक्तव्य देकर आदिवासी समाज के मान सम्मान को ठेस पहुंचाया गया। जिसके विरोध में आज केल्हारी में सर्व आदिवासी समाज के लोग जिला अध्यक्ष शरण सिंह के नेतृत्व में रैली निकाली और थाने पहुंचकर दुर्गा शंकर मिश्रा के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के लिए ज्ञापन दिया।

विदित हो कि कल केल्हारी हाई स्कूल ग्राउंड में आयोजित भाजपा के मंच से दुर्गा शंकर मिश्रा ने अपने भाषण के दौरान आपा खो बैठे थे और उनकी जुबान फिसल गई। उनके द्वारा आदिवासी समाज के कद्दावर नेता और भरत पुर सोनहत विधायक गुलाब कमरो के लिए अमर्यादित शब्दों का प्रयोग किया गया।



आदिवासी समाज के नेता के खिलाफ अमर्यादित शब्दों का प्रयोग करता है तो वह निंदनीय है- शरण सिंह ने कहा की कोई भी व्यक्ति चाहे वह किसी भी पार्टी से जुड़ा हो अगर हमारे आदिवासी समाज के नेता के खिलाफ अमर्यादित शब्दों का प्रयोग करता है तो वह निंदनीय है। गुलाब कमरो जी विधायक के साथ ही सर्व आदिवासी समाज के संरक्षक के पद पर भी हैं।

### अपनी वाणी में नियंत्रण का गुण होना जरूरी

डॉ विनय शंकर सिंह राजनीति में सबका विचार धारा अलग हो सकता है रीति नीति अलग हो सकता है लेकिन राजनैतिक ही नही समाज के हर उस शख्स को जो सभ्य समाज में रहता है अपनी वाणी में नियंत्रण का गुण होना ही चाहिए व्यक्तिगत और अशोभनीय टिप्पणी से बचना चाहिए। आज के इस ज्ञापन रैली में आदिवासी समाज के ब्लॉक अध्यक्ष अमोल सिंह मरावी,संतोष सिंह,जनपद सदस्य रोशन सिंह,लक्ष्मी सिंह,रामलाल सिंह, सरपंच शोभन सिंह,विजय सिंह,खुन्ना पाव, नजुरियास एक्का ,वीरभान सिंह,दिगंबर सिंह,बाबूराम, मोती सिंह, रिंपू, अनीत कोल, अमृत के साथ बड़ी संख्या में आदिवासी समाज के लोग रहे।

## पटना हनुमान मंदिर प्रांगण में प्रतिष्ठित व्यवसायी गिरधारी जायसवाल के द्वारा श्रीराधाकृष्ण मंदिर का कराया गया निर्माण

बैकुण्ठपुर 23 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

पटना के दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर प्रांगण में नगर पटना के प्रतिष्ठित व्यवसायी गिरधारी लाल जायसवाल द्वारा श्रीराधाकृष्ण मंदिर का निर्माण



कराया गया जिसमें श्रीराधाकृष्ण जी की प्रतिमा स्थापना से पूर्व आज बुधवार को नगर पटना में भव्य कलश यात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा नव निर्मित मंदिर प्रांगण से ईमली चौक, बस स्टैंड, एनएच 43 होते हुए आदर्श चौक, बाजार पारा, पाण्डवपारा रोड होते हुए ईमली चौक व मंदिर प्रांगण तक निकाली गई जिसमें काफी संख्या में श्रद्धालुजन शामिल रहे। शोभा यात्रा के बाद प्रायश्चित दशविधि स्नान,वरुण पूजन, वेदी पूजन जैसे धार्मिक अनुष्ठान छपनौर आश्रम शहडोल से आये आचार्य रविशंकर महराज द्वारा कराया गया। मंदिर में श्रीराधाकृष्ण जी की प्रतिमा का स्थापना 23 फरवरी को होगी।

## सरोज पाण्डेय ...जिस एसडीएम कार्यालय को आपकी पार्टी घेरने आयी वो कार्यालय भी विधायक गुलाब कमरो ने स्थापित कराया:राजन पाण्डेय

- भाजपा सरकार में सिर्फ घोषणाएं होती थी,विधायक गुलाब कमरो ने काम करके दिखाया
- एमसीबी सहित केल्हारी में तहसील,एसडीएम कार्यालय,अस्पताल भवन सहित कई नवीन पंचायत, धानखरीदी केंद्र सहित कई विकासकार्य मुख्यमंत्री व विधायक की देन
- मुद्दा विहीन हुई भाजपा,विधायक गुलाब कमरो और सरकार की लोकप्रियता से घबराई

- संवाददाता -
सोनहत 23 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

भाजपा नेत्री सरोज पाण्डेय के उपस्थिति में केल्हारी में आयोजित कार्यक्रम में सरोज पाण्डेय द्वारा दिये गए बयान पर किसान कांग्रेस के प्रदेश सचिव व विधायक गुलाब कमरो के मीडिया प्रतिनिधि राजन पाण्डेय ने पलटवार किया है, साथ ही उन्होंने सरोज पाण्डेय के बयान की निंदा करते हुए कहा कि आदरणीय सरोज पाण्डेय जी, लोक संस्कृति कार्यक्रमों में नाचना कहाँ से गलत है, आपने स्वयं दुर्ग में आयोजित कार्यक्रम में तत्कालीन मुख्यमंत्री और अन्य नेताओं के साथ सुवा नृत्य नाच किया था, मैं पूछना चाहता हु की क्या उस मंच पर मदारी भी थे, आप नाचे तो संस्कृति, और हमारे विधायक लोक गीत और भक्ति जश गीत पर नाचे तो गलत, अरे महाशिवरात्रि पर्व पर भोलेनाथ और माता रानी के भक्ति गीतों पर कौन नही नाचता, आपको तो भागवत कथा के सामूहिक नृत्य पर भी आपत्ति होने लगी, गजब का दोहरा माप दण्ड है आपका, इतना बोलने से पहले आपको थोड़ा



सोचना चाहिए, हम लोग आपका सम्मान करते हैं पर आपसे इतने गिरे हुए बयान की अपेक्षा नही थी।

### तहसील व एसडीएम कार्यालय भी भूपेश सरकार ने बनाये

राजन पाण्डेय ने कहा कि सरोज पाण्डेय मंच से पूछ रही थी कि कांग्रेस के नेता काम कब करते हैं, तो बताना चाहूंगा कि जिस एस डी एम कार्यालय का आप घेराव करने आई थी वो कार्यालय भूपेश सरकार और विधायक गुलाब कमरो ने स्थापित कराया है वरना आपके सरकार में लोगो को मनेन्द्रगढ़ जाना पड़ता था, यही नही विधायक गुलाब कमरो के प्रयास से मनेन्द्रगढ़ तो सीधे जिला ही बन गया जो आप लोग नही कर सके, केल्हारी में तहसील एसडीएम कार्यालय सहित अस्पताल कालेज, सहित आत्मानंद विद्यालय की सुविधा विधायक गुलाब कमरो जी ने दिलाई है, चारों तरफ सड़क बिजली पानी पुल पुलिया के कार्य प्रगति पर हैं नवीन ग्राम पंचायतों का सृजन हो हुआ है, धानखरीदी केंद्र से लेकर नवीन सहकारी समितियां बनाई गई हैं जिसका लाभ आज आम जनमानस को मिल रहा है, राजन पाण्डेय ने कहा कि कौन सा कार्य देखना चाहती है सरोज पाण्डेय सामाजिक धार्मिक शिक्षा स्वास्थ्य सभी क्षेत्रों में तो विधायक गुलाब कमरो ने कार्य कराया है, राजन पाण्डेय ने कहा कि विधायक गुलाब कमरो एसी कमरो वाले नेता नही है, गर्मी ठंडी बरसात सभी मौसमो में लगातार जनता के बीच उनकी पहुच है, वो जनता के बीच ही रहते हैं जनता की समस्याओं को सुन उनका त्वरित निराकरण करते हैं।

### ये घबराहट है, भाजपा मुद्दा विहीन हो चुकी है

राजन पाण्डेय ने कहा कि भरतपुर सोनहत विधानसभा में भारतीय जनता पार्टी के पास अब कोई मुद्दा नही रह गया इस लिए उनके बड़े व छोटे नेता सिर्फ अनर्गल बयान बाजी कर अपनी औपचारिकता पूरी कर रहे हैं, हकीकत यह है कि विधायक गुलाब कमरो व मुख्यमंत्री की लोकप्रियता से पूरी भजपा घबराई हुई है।

# राज्यांश नहीं देने के कारण छत्तीसगढ़ के 16 लाख परिवार प्रधानमंत्री आवास से वंचित : धरम लाल कौशिक

- संवाददाता -
कोरबा,23 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

कोरबा विधानसभा क्षेत्र में मोर आवास-मोर अधिकार अभियान को जनता का भारी समर्थन मिला। अभियान के दौरान प्रधानमंत्री आवास से वंचित लोगों ने भूपेश बघेल सरकार के खिलाफ अपने हक की मांग करते हुए कहा कि भूपेश बघेल हमारा प्रधानमंत्री आवास हमें दो, यह हमारा अधिकार है। कोरबा में पूर्व नेता प्रतिपक्ष धरम लाल कौशिक ने भूपेश बघेल सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि प्रदेश में कांग्रेस राज में गरीबों के खून पसीने की कमाई को लूटा जा रहा है। प्रदेश की कांग्रेस सरकार गरीबों के सिर से उनकी छत छीन के अपना घर भर रही है। ये प्रदेश की गरीब जनता के साथ अन्याय, अत्याचार है। कौशिक ने कहा कि केंद्र की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार ने 2022 तक देश के हर गरीब परिवार को पक्का मकान देने का संकल्प लिया, परंतु प्रदेश की लूटेरी भूपेश बघेल सरकार की हठधर्मिता और प्रधानमंत्री आवास योजना में राज्यांश नहीं देने के कारण राज्य के 16 लाख परिवार प्रधानमंत्री आवास से वंचित हैं। राज्य के वंचित हितग्राहियों को उनका आवास मिलने तक भारतीय जनता पार्टी वंचितों के अधिकारों के लिए लड़ाई लड़ती रहेगी। भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ राजीव सिंह ने कोरबा विधानसभा स्तरीय मोर आवास मोर अधीकार अभियान का नेतृत्व करते हुए कहा कि राज्य सरकार ने प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत गरीब, मजदूर, बेसहारा लोगों को आवास आवंटन की दिशा में कोई काम नहीं किया। उन्होंने कहा कि जो मुख्यमंत्री गरीबों को आवास आवंटित नहीं कर सकते, ऐसे मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ में अपने आर्थिक मॉडल का ढोल पीटते रहते हैं। हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का लक्ष्य है कि सभी कच्चे मकान पक्के मकान में बदल जाएं और आवासहीनों को सिर ढंकने आवास मिल जाये। हमें उनके सपनों को पूरा करना है। छत्तीसगढ़ की भूपेश सरकार इनके सपने को कुचल रही है। उन्होंने कहा कि सड़क पर उतर कर जनता कह रही है कि भूपेश बघेल हमारा प्रधानमंत्री आवास दो। प्रधानमंत्री आवास हमारा अधिकार है।भाजपा जिला प्रभारी श्याम बिहारी जयसवाल ने कहा कि भाजपा के शासनकाल में लगभग 7 लाख 80 हजार प्रधानमंत्री आवास बनाए गए। प्रत्येक गांव में 60 से लेकर 100 तक आवास का निर्माण हुआ। जब से यह सरकार आई है प्रधानमंत्री आवास बनना बंद हो गया है। आवास न बना पाने के कारण टी एस सिंहदेव जी इस्तीफा दे देते हैं परंतु भूपेश बघेल के कानों में जूं नहीं रेंगती है। उन्होंने कहा भूपेश बघेल जी प्रदेश के गरीब जनता अपने आशियाने के लिए आपका महल ध्वस्त कर देगी।भाजपा कोरबा जिला सह प्रभारी गोपाल साहू एवं कोरबा विधानसभा के प्रभारी श्री वी रामाराव, ने अपने संबोधन में कहा कोरबा के विधायक एवं प्रदेश के राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल को कोरबा के गरीब नागरिकों के मिलने वाले प्रधानमंत्री आवास की चिंता नहीं है, वह लोगों की चिंता छोड़ कर के अपने लिए जगह-जगह अवैध भूमि की तलाश कर उस पर कब्जा करने में व्यस्त हैं । होना चाहिए कि आप 04 साल बीत चुके हैं अब जनता को मूर्ख बनाना बंद करें जनता ने उनकी कुर्सी की उल्टी गिनती चालू कर दी है पिछले 14 साल से विधायक रहते हुए उन्होंने कोरबा विधानसभा के लिए कोई भी उल्लेखनीय कार्य नहीं किया है उनका विदाई समारोह 2023 में आयोजित होना तय हो गया है । कोरबा विधानसभा क्षेत्र में मोर आवास मोर अधिकार अभियान कार्यक्रम में मुख्य रूप से छत्तीसगढ़ विधानसभा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष श्री धरम लाल कौशिक, कोरबा जिला प्रभारी श्याम बिहारी जायसवाल , सह प्रभारी गोपाल साहू , प्रदेश उपाध्यक्ष श्री लखन देवांगन , जिलाध्यक्ष डा राजीव सिंह , वी रामा राव , कैलाश साहू, जोगेश लांबा , अशोक चावलानी , संतोष देवांगन, नवीन पटेल, आलोक सिंह, संदीप सहगल, राम नारायण सोनी, ऋतु चौरसिया, परमिंदर सिंह, मनोज मिश्रा, पवन सिन्हा, नवदीप नंदा, अजय चंद्रा, अजय विश्वकर्मा, विकास झा के साथ साथ समस्त भाजपा पदाधिकारी, वरिष्ठगण एवं विधानसभा के अंतर्गत आने वाले पांचों मंडल के अध्यक्ष महामंत्री उनके पदाधिकारी समस्त मोर्चा प्रकोष्ठ के कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।








# कलेक्टर झा ने लाइवलीहुड कॉलेज का औचक निरीक्षण कर विभिन्न ट्रेडों के प्रशिक्षु विद्यार्थियों से प्रशिक्षण की ली जानकारी

- संवाददाता -
कोरबा, 23 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

कलेक्टर संजीव झा ने शहर में संचालित लाइवलीहुड कॉलेज का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने कॉलेज में विभिन्न ट्रेडो में कौशल प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रशिक्षु विद्यार्थियों से प्रशिक्षण के संबंध में जानकारी ली। लाइवलीहुड कॉलेज में वर्तमान में सिलाई मशीन ऑपरेटर, फैशन डिजाइनर, असिस्टेंट इलेक्ट्रीशियन, हैंडलूम विवर्स एवं डाटा एंट्री ऑपरेटर के कुल पांच प्रशिक्षण बैचों का संचालन किया जा रहा है। इन ट्रेडों के माध्यम से 128 विद्यार्थियों को कौशल प्रशिक्षण दिया जा रहा है। लाईवलीहुड कॉलेज में प्रशिक्षु अभ्यर्थी विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार और स्वरोजगार प्राप्त करने का हुनर सीख रहे हैं। प्रशिक्षण उपरांत अभ्यर्थियों को स्वरोजगार स्थापित करने एवं विभिन्न शासकीय एवं निजी संस्थानों से जुड़कर रोजगार प्राप्त करने का अवसर प्राप्त होगा। कलेक्टर झा ने हितग्राहियों से प्रशिक्षण संबंधी जानकारी ली साथ ही प्रशिक्षु विद्यार्थियों को उच्च गुणवत्ता के कौशल प्रशिक्षण दिलाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। इस दौरान जिला कौशल विकास परियोजना अधिकारी अरूणेन्द्र मिश्रा, जिला रोजगार अधिकारी जे. पी. खाण्डे एवं अन्य कर्मचारीगण मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर झा ने विद्यार्थियों से रहने-खाने और पढ़ाई की सुविधाओं के बारे में विस्तृत जानकारी ली। संस्थान में पानी की कमी की जानकारी होने पर कलेक्टर झा ने नगर निगम को लाईवलीहुड कॉलेज में अमृत मिशन के तहत पानी की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। जिससे सभी प्रशिक्षु विद्यार्थी स्वरोजगार में नियोजित हो सकेंगे। उन्होंने बालक-बालिका छात्रावास एवं परिसर में पौधरोपण करने के भी आवश्यक निर्देश दिए।

# कलेक्टर झा की पहल पर दिव्यांग क्रिकेटरों को मिली क्रिकेट किट

- संवाददाता -
कोरबा,23 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

कलेक्टर संजीव झा की पहल पर व्हीलचेयर क्रिकेट एसोसिएशन के दिव्यांग खिलाड़ियों को क्रिकेट किट व अन्य खेल सामग्री उपलब्ध कराया गया है। अपर कलेक्टर प्रदीप साहू ने दिव्यांग क्रिकेट खिलाड़ियों को क्रिकेट किट का वितरण किया। पिछले दिनों जन चौपाल में पहुंचकर व्हीलचेयर क्रिकेट एसोसिएशन के दिव्यांग खिलाड़ियों ने खेल में सुविधा के लिए कलेक्टर संजीव झा के समक्ष क्रिकेट किट की मांग रखी थी। इस मांग पर झा ने संवेदनशीलता दिखाते हुए समाज कल्याण विभाग को निर्देशित कर खिलाड़ियों को किट व अन्य सुविधाएं जल्द उपलब्ध कराने के निर्देश दिए थे। इसी कड़ी में दिव्यांग क्रिकेट खिलाडयों को अपर कलेक्टर श्री साहू के हाथों किट का वितरण किया गया। खिलाड़ियों को क्रिकेट किट सामाग्री के साथ बॉल, बैट, हैंड ग्लब्स, ड्रेस का वितरण किया गया। अपर कलेक्टर साहू ने बताया कि दिव्यांग क्रिकेट खिलाड़ियों को उनकी सुविधा और पसंद के अनुसार क्रिकेट किट व अन्य सामग्री का वितरण किया गया है। जिले का नाम रोशन करने वाले दिव्यांग खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए आगे भी सहयोग किया जाएगा। दिव्यांग क्रिकेट खिलाडयों को किट वितरण के दौरान समाज कल्याण विभाग के परिवीक्षा अधिकारी मुकेश कुमार दिवाकर भी उपस्थित रहे। व्हीलचेयर क्रिकेट एसोसिएशन के खिलाड़ियों ने क्रिकेट किट मिलने पर जिला प्रशासन का आभार जताया।



# स्व.केशव लाल मेहता स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता के 18 वर्षों में पहली बार किसी टीम ने बनाया सर्वाधिक 208 रन का स्कोर

- संवाददाता -
कोरबा,23 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

कोरबा के वरिष्ठ पत्रकार रहे स्वर्गीय केशव लाल मेहता जी की स्मृति में कोरबा प्रेस क्लब द्वारा घंटाघर मैदान में आयोजित 18वें वर्ष के क्रिकेट प्रतियोगिता के पहले क्वार्टर फाइनल मैच में अधिवक्ता इलेवन और एसईसीएल कुसमुंडा की टीम के बीच मुकाबला हुआ जिसमें अधिवक्ता इलेवन ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया बल्लेबाजी के लिए उत्तरी एसईसीएल की टीम के खिलाड़ियों ने निर्धारित 12 ओवर में ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए 01 विकेट के नुकसान पर 208 रन बनाएं, जो प्रतियोगिता के 18 वर्षों में अब तक का सर्वाधिक स्कोर है। उक्त लक्ष्य का पीछा करने उतरी अधिवक्ता इलेवन की टीम शुरू से दबाव में रही। लगातार विकेट गिरने से अधिवक्ता इलेवन की टीम 05 विकेट खोकर 118 रन ही बना सकी। इस तरह प्रतियोगिता का पहला क्वार्टर फाइनल मैच एसईसीएल कुसमुंडा ने जीतकर सेमीफाइनल में अपनी जगह बना ली। मैच के बाद विजेता व उपविजेता टीम के खिलाड़ियों, अंपायर द्वय श्री ठाकुर एवं भूपेंद्र भूषण, कॉमेंटेटर नितिन चतुर्वेदी तथा स्कोरर प्रतीक को अतिथियों समेत कोरबा प्रेस क्लब के पदाधिकारियों एवं सदस्यों के हाथों पुरस्कार प्रदान किया गया। पहले क्वार्टर फाइनल मैच के मुख्य अतिथि के रूप में जिला एवं सत्र न्यायाधीश माननीय श्री डीएल कटकवार एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में विशेष न्यायाधीश माननीय राजीव कुमार, विशेष न्यायाधीश माननीय श्री विक्रम प्रताप चंद्र एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी माननीय कृष्णा कुमार सूर्यवंशी शामिल हुए। प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार एसईसीएल टीम के खिलाड़ी नील कुमार को दिया गया जिन्होंने 41 गेंद पर 102 रन बनाएं। इस दौरान कोरबा प्रेस क्लब अध्यक्ष राकेश श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष विवेक शर्मा, सचिव दिनेश राज, कोषाध्यक्ष रंजन प्रसाद, जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष संजय जायसवाल एवं सचिव नूतन सिंह ठाकुर, स्व. केशव लाल मेहता जी के सुपुत्र द्वय नरेंद्र मेहता एवं राजेंद्र मेहता, एवं समस्त वरिष्ठ पत्रकार समेत शहर के प्रमुख जन मंच पर मौजूद थे।






# नशे के सप्लाई चैन पर चौकी बसदेई पुलिस की कार्यवाही, सोनभद्र उत्तरप्रदेश से एक आरोपी को पकड़ा गया

» इसी मामले में 3 आरोपी पूर्व में किए जा चुके है गिरफ्तार

- संवाददाता -
सूरजपुर,23 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

बीते 08 दिसम्बर को चौकी बसदेई पुलिस ने मुखबीर की सूचना पर रेलवे स्टेशन उंचडीह के पास घेराबंदी कर आरोपी मंगल राजवाड़े उम्र 28 वर्ष निवासी ग्राम पसला, थाना सूरजपुर को पकड़ा था जिसके कब्जे से ओनरेक्स कफ सिरप 150 नग जिसकी बाजारू कीमत करीब 1 लाख 12 हजार रूपये को जप्त एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही किया था। पूछताछ पर आरोपी ने बताया था कि सोनभद्र जिला के बैजू ठाकुर से नशीली कफ सिरप लिया था, नशीली कफ सिरप को माँ अम्बे मेडिकल स्टोर बभनी के संचालक राकेश कुमार के द्वारा बिक्री करवाया जाता है जिसके बाद पुलिस ने अवैध नशीली दवाईयों के सप्लाई चैन को तोड़ने की दिशा में आरोपी बैजू ठाकुर व मेडिकल स्टोर संचालक राकेश कुमार को पकड़ा गया था। इन दोनों ने पूछताछ बताया था कि अनपरा-सोनभद्र निवासी अभिषेक सिंह के द्वारा नशीली कफ सिरप लाकर बिक्री हेतु दिया गया था।

पुलिस महानिरीक्षक, सरगुजा रेंज रामगोपाल गर्ग (भा.पु.से.) के सतत् मार्गदर्शन में पुलिस अधीक्षक सूरजपुर रामकृष्ण साहू (भा.पु.से.) ने नशे की वस्तु के सप्लाई चैन को तोड़ने तथा मामले में संलिप्त आरोपियों की धरपकड़ करने के निर्देश दिए थे। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मधुलिका सिंह व एसडीओपी सूरजपुर प्रकाश सोनी के मार्गदर्शन में चौकी प्रभारी बसदेई बृजेश यादव पुलिस टीम के साथ अनपरा, सोनभद्र उत्तरप्रदेश में दबिश देकर अभिषेक सिंह पिता बजरंगी सिंह उर्फ बजरंग उम्र 32 वर्ष सा. नई बस्ती परासी अनपरा, थाना अनपरा, जिला सोनभद्र उत्तरप्रदेश को पकड़ा गया। आरोपी के द्वारा प्रतिबंधित कफ सिरप का अवैध रूप से व्यापार का वित्त पोषण करना, अपराध में इनके द्वारा दुष्प्रेरण और अपराधिक षड़यंत्र करना पाए जाने पर धारा 21(सी), 27(ए), 29 एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही कर विधिवत् गिरफ्तार किया गया। इस कार्यवाही में चौकी प्रभारी बसदेई बृजेश यादव, एएसआई लक्ष्मी प्रसाद गुप्ता, प्रधान आरक्षक आनंद सिंह, आरक्षक अमित सिंह व रौशन सिंह सक्रिय रहे।



# दूसरे की जमीन को अपना बता कर महिला से 50 हजार रुपए छलपूर्वक की गई ठगी

- राजा मुखर्जी -
कोरबा,23 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

दूसरे के आधिपत्य व स्वामित्व की जमीन को अपना बताकर बिक्री करने और इसके लिए फर्जी इकरारनामा तैयार कर अग्रिम राशि लेने के बाद गबन कर देने के मामले में पुलिस ने एफआईआर दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार मामला मानिकपुर पुलिस चौकी अंतर्गत ग्राम दादरखुर्द में सड़क से लगी हुई जमीन का है। चिमनीभटटा निवासी श्रीमती आशा प्रधान पति मुन्ना प्रसाद 41 वर्ष के साथ अजय भगत पिता जयश्री भगत 49 वर्ष निवासी कृष्णा नगर ने ग्राम दादर स्थित खसरा नंबर 881 व 882 की 12 डिसमिल जमीन निजी आधिपत्य व स्वामित्व की होना बता कर सौदा किया। इसके एवज में घरेलू खर्च हेतु जरूरत होना बता कर 12 डिसमिल में से 2 डिसमिल जमीन को 1 लाख 20 हजार रुपए में बेचने की बात रखी। मौके पर जाकर अजय ने जमीन भी दिखाया। जमीन पसंद आने के बाद जिला न्यायालय पहुंच कर अमृतलाल कंवर से नोटरी करा कर बिक्री इकरारनामा का निष्पादन 01 अक्टूबर 2016 को कराया गया। नगद 50 हजार रुपए अजय भगत को दिया गया और शेष 70 हजार रुपए रजिस्ट्री के दौरान देना तय हुआ। इसके बाद अजय भगत ने उक्त भूमि की रजिस्ट्री वर्ष 2022 तक नहीं किया तब मानिकपुर चौकी में 01 सितंबर को आशा प्रधान ने शिकायत किया। शिकायत के बाद जमीन रजिस्ट्री करने का आश्वासन और नहीं होने पर रकम लौटाने का भरोसा देता रहा। उसकी नीयत पर संदेह हुआ तो आशा प्रधान ने कलेक्टोरेट के लोक सेवा केन्द्र से नवंबर-दिसंबर 2022 में खसरा नंबर 881 एवं 882 तथा उसके समस्त 19 टुकड़ों के खसरा पांचसाला की प्रमाणित प्रति प्राप्त की तब ज्ञात हुआ कि खसरा नंबर 881 और उसके समस्त टुकड़ों की भूमि शासकीय है तथा खसरा क्रमांक 882/1 ख/1 भूखिन बाई पिता मदनलाल की भूमि है और 882 की अन्य टुकड़ों की जमीन छत्तीसगढ़ शासन की है। इन दोनों जमीन को अपना बता कर अजय भगत के द्वारा फर्जी इकरारनामा निष्पादित करा कर छ्लपूर्वक 50 हजार रुपए ठगी कर लिया गया। इस मामले में शिकायत उपरांत पुलिस ने धारा 420 भादवि के तहत अजय भगत के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।




**न्यायालय नजूल अधिकारी**
**अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ0ग0)**

**ईश्तहार**

रा0प्र0क्र0/202302021200050/
अ-20(3)/2022-23

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक कमल नारायण आ0 स्व0 अधनूराम अग्रवाल, उम्र-64 वर्ष, निवासी-सदररोड,अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0 ने आवेदन पत्र प्रस्तुत कर कथन किया है कि उनके स्वामित्व व हक की शीट क्रमांक 08,मोहल्ला-सदर रोड नगर अम्बिकापुर स्थित नजूल भूमि प्लाट नम्बर 2857/5 रकबा 0.009 हे0 भूमि अभिलेख में दर्ज है। आवेदक कमल नारायण आ0 स्व0 अधनूराम अग्रवाल, उम्र-64 वर्ष, निवासी-सदररोड,अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0 के द्वारा उक्त आवेदित नजूल भूमि प्लाट नम्बर 2857/5 रकबा 0.009 हे0 भूमि को रूपयों की आवश्यकता होने के कारण बैंक में बंधक रखने हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी करने बाबत् आवेदन पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया है। आवेदन पत्र के समर्थन में मेन्टेनेस खसरा, शपथ पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी करने पर जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो वे अपना दावा/आपत्ति स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 13/03/2023 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 20/02/2023 को मेरे न्यायालयीन मुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी किया गया।

सील
नजूल अधिकारी
अम्बिकापुर,सरगुजा(छ0ग0)

# लंबित मामलों जल्द निराकरण सुनिश्चित करने पुलिस अधीक्षक ने प्रभारियों को दिया निर्देश

» माननीय सर्वोच्च न्यायालय के गाईड लाईन का कड़ाई से पालन करने का निर्देश

- संवाददाता -
सूरजपुर,23 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

जिला पुलिस कार्यालय के सभागार में गुरूवार को पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू (भा.पु.से.) ने बैठक लेकर पुलिस अधिकारियों को कार्यो में लापरवाही न बरतने, लंबित मामलों का जल्द निराकरण करने तथा अवैध कार्यो में लिप्त लोगों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिए है। इस दौरान उन्होंने बाल संरक्षण, पाक्सो एक्ट सहित अन्य विषयों के सम्बन्ध में वार्ता कर जानकारी दी गई।

पुलिस अधीक्षक ने माननीय सर्वोच्च न्यायालय के द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का अक्षरशः पालन करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि पास्को एवं किशोर न्याय अधिनियम बालकों के अधिकारों एवं उनकी रक्षा के लिए बनाया गया है। महिला एवं बच्चों से संबंधित अपराधों की विवेचना तत्परतापूर्वक संवेदनशीलता से करते हुए आरोपी को सजा दिलाने की दिशा में गंभीरता से कार्य किए जाए, अपहृत/गुम इंसान बालक-बालिका की दस्तयाबी विशेष प्राथमिकता के आधार पर करने के निर्देश दिए। महिला एवं बच्चों के विरूद्ध अपराध पर संवेदनशील होकर माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों का पालन करते हुए समुचित कार्यवाही करने, पीड़िता एवं बच्चों की पहचान उजागर न हो इसका विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। बैठक में पुलिस अधीक्षक ने क्राईम रेट को कम करने को लेकर पुलिस अधिकारियों को जरूरी निर्देश देते हुए मेहनत से कार्य करने तथा निपुण सक्सेना बनाम भारत संघ के मामले में माननीय सर्वोच्च न्यायालय के द्वारा दिए गए निर्देशों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए। इस दौरान एसडीओपी सूरजपुर प्रकाश सोनी, निरीक्षक धर्मानंद शुक्ला, जावेद मियादाद, चौकी प्रभारी बसदेई बृजेश यादव, चौकी प्रभारी, चौकी प्रभारी तारा उमेश सिंह, चौकी प्रभारी सलका देवनाथ चौधरी, चौकी प्रभारी लटोरी धनंजय पाठक, चौकी प्रभारी करंजी संजय गोस्वामी, एसआई दिनेश राजवाड़े, एएसआई रघुवंश सिंह, मनोज द्विवेदी, वरूण तिवारी सहित अन्य पुलिस अधिकारीगण मौजूद रहे।



CMYK



# इसाक राल्ते ने फरवरी 2023 के लिए इमर्जिंग प्लेयर ऑफ मंथ अवार्ड जीता

**भुवनेश्वर,23 फ रवरी 2023।** ओडिशा एफसी के मिडफील्डर इसाक वनलालरूटफेला, जिन्हें पॉकेट रॉकेट के रूप में जाना जाता है, को इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2022-23 में जगरनॉट्स के नाबाद महीने में उनके प्रदर्शन के लिए फरवरी 2023 के लिए इमर्जिंग प्लेयर ऑफ द मंथ से सम्मानित किया गया है। , जहां उन्होंने दो गोल किए और चार खेलों में महीने भर में एक सहायता प्रदान की। दूसरे स्थान पर मौजूद हैदराबाद एफसी पर ओडिशा एफसी की जीत में 21 वर्षीय प्रभावशाली था, जब उसने शुरुआती गोल किया और चेन्नईयिन एफसी के खिलाफ नैदानिक था, एक गोल किया और मरीना मचान्स के खिलाफ सहायता प्रदान की, जिससे ओडिशा एफसी को प्रगति करने में मदद मिली। इंडियन सुपर लीग (ढ्ढस्रु) 2022-23 में शीर्ष छह स्थान।

15 में से अधिकांश विशेषज्ञों ने इसाक राल्ते को फरवरी के महीने में शीर्ष पर आने के लिए चुना है। इसाक एमर्जिंग प्लेयर ऑफ द मंथ अवार्ड जीतने वाले ओडिशा एफसी के पहले खिलाड़ी हैं।

इसाक 2020 से ओडिशा एफसी के साथ है और चल रहे सीज़न में नौ आईएसएल मैचों में भाग लिया है, जिसमें दो गोल किए हैं और दो सहायता प्रदान की है, जिससे जगरनॉट्स के लिए कुल चार गोल शामिल हैं। उसके बाद से राल्ते जोसेप गोम्बाउ की टीम में एक प्रमुख व्यक्ति बन गया, जिसने युवा मिडफील्डर को अपने खेल में सुधार करने में मदद की।

मुख्य कोच, गोम्बाउ, एफसी गोवा के खिलाफ उनके खेल के बाद युवाओं के प्रदर्शन के लिए सभी प्रशंसा कर रहे थे जब उन्होंने कहा, ÷वह (राल्टे) एक ऐसा खिलाड़ी है जिसमें बहुत क्षमता है और वह हमारी मदद कर सकता है। हमें खुशी है कि उसे यहाँ रखो, वह एक अच्छा लड़का है जो कड़ी मेहनत करना चाहता है और सीखना चाहता है। मुझे लगता है कि ओडिशा एफसी के पास आने वाले वर्षों के लिए एक अच्छा विंगर है।÷

आईएसएल के मौजूदा सत्र में अपनी शानदार वापसी के लिए जानी जाने वाली ओडिशा एफसी निश्चित रूप से प्लेऑफ में मजबूत प्रदर्शन करने की कोशिश करेगी।

उन्होंने 2022-23 सीज़न में घर में केवल एक बार हारकर नौ गेम जीते और सात ड्रा किए। राल्ते के साथ आने के साथ, मुख्य कोच अपने मिडफील्डर से अधिक मारक क्षमता की तलाश करेगा और इमर्जिंग प्लेयर ऑफ द मंथ अवार्ड जीतने के बाद अपने बेहतरीन प्रदर्शन को जारी रखेगा।

मुंबई सिटी एफसी के अपुइया (जनवरी), मेहताब सिंह (अक्टूबर) और ईस्ट बंगाल एफसी के नाओरेम महेश सिंह (नवंबर) के बाद राल्ते इस पुरस्कार को पाने वाले चौथे व्यक्ति बन गए हैं।

# ऑस्ट्रेलिया के लिये 180 का लक्ष्य होगा चुनौतीपूर्ण : ऋचा

**केप टाउन ,23 फरवरी 2023।** भारत की विस्फोटक विकेटकीपर बल्लेबाज ऋचा घोष ने ऑस्ट्रेलिया के विरुद्ध होने वाले महिला टी20 विश्व कप 2023 के सेमीफाइनल से पहले कहा कि 180 रन का लक्ष्य कंगारुओं के लिये चुनौतीपूर्ण साबित होगा।

ऋचा ने मैच की पूर्व संध्या पर यहां संवाददाताओं से कहा, ऑस्ट्रेलिया को लक्ष्य का पीछा करना पसंद है क्योंकि उनकी बल्लेबाजी में गहराई है। हमारी बल्लेबाजी में भी गहराई है लेकिन टॉस किसी के हाथ में नहीं होता, इसलिये जैसी भी परिस्थिति होगी, हम उसका सामना करेंगे।

उन्होंने कहा, हम नहीं जानते कि कल पिच कैसी होगी। फिलहाल यह अच्छी दिख रही है और अगर हम पहले बल्लेबाजी करते हैं तो 180 रन तक बनाने का प्रयास करेंगे। अगर हम पहले गेंदबाजी करते हैं तो उन्हें 140-150 तक रोकने की कोशिश होगी, क्योंकि उनकी बल्लेबाजी काफी अच्छी है।

ऋचा अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी के कारण पिछले कुछ समय में भारत के लिये महत्वपूर्ण साबित हुई हैं। उन्होंने पाकिस्तान के विरुद्ध पहले विश्व कप मैच में 20 गेंदों पर 31 रन की मैच जिताऊ पारी खेली थी। इसके अलावा उन्होंने इंग्लैंड के विरुद्ध भी 34 गेंद पर नाबाद 47 रन बनाये थे, हालांकि वह मैच भारत 11 रन से हार गया था।



ऋचा ने अपनी बल्लेबाजी के बारे में कहा, उतार-चढ़ाव सभी को देखने पड़ते हैं। मुझे भी देखने पड़े लेकिन उनसे मैंने बहुत कुछ सीखा है। बल्लेबाजी करने जाते हुए मैं दबाव को बेहतर तरीके से सह सकती हूं। पिछले कुछ सालों में भारत को ऑस्ट्रेलिया से कई बार करारी शिकस्त मिली है, हालांकि ऋचा का मानना है कि मेग लैनिंग की टीम अपराजेय नहीं है। गौरतलब है कि ऑस्ट्रेलिया ने पिछले 22 महीनों में टी20 अंतरराष्ट्रीय में जो एकमात्र हार देखी है, वह उसे भारत के हाथों दिसंबर 2022 में मिली थी।

ऋचा ने उस मैच का उल्लेख करते हुए कहा, ऑस्ट्रेलिया को हराया जा सकता है। हमने पिछली सीरीज में उन्हें एक मैच हराया था और हम पहले भी यह कर चुके हैं। वह एक मजबूत टीम है लेकिन हम उन्हें हरा सकते हैं। हम अपनी मानसिकता बेहतर करने की कोशिश कर रहे हैं। खेल सभी का अच्छा है लेकिन जो टीम मानसिक रूप से बेहतर होगी वही जीतेगी।

दिसंबर की घरेलू सीरीज में भले ही भारत ने एक मैच जीता था, लेकिन उसे शृंखला के अंत में 1-4 की हार मिली थी। ऋचा ने कहा कि उस शृंखला से भारत को ऑस्ट्रेलिया की कमजोरियों का पता चला है और हरमनप्रीत की टीम इस जानकारी का फायदा उठाना चाहेगी।

ऋचा ने कहा, हम ऑस्ट्रेलिया की कमजोरियां जानते हैं और हम इसके खिलाफ योजना बना रहे हैं। मैं यह नहीं कहूंगी कि वह (कमजोरी) क्या है क्योंकि तब वे तैयार होकर आएंगे।

# टेस्ट सत्र की तैयारी के लिये आईपीएल से जल्दी विदा लेंगे स्टोक्स

**वेलिंगटन ,23 फ रवरी 2023।** इंग्लैंड के टेस्ट कप्तान और अनुभवी ऑलराउंडर बेन स्टोक्स ने पुष्टि की है कि वह आयरलैंड के विरुद्ध जून में शुरू होने वाले टेस्ट और ऑस्ट्रेलिया के विरुद्ध होने वाली एशेज़ टेस्ट सीरीज की तैयारी के लिये इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) से जल्दी विदा ले लेंगे।



गौरतलब है कि इंडियन प्रीमियर लीग की शुरुआत 31 मार्च को होगी, जबकि टूर्नामेंट का फाइनल 28 मई को खेला जायेगा। स्टोक्स की टीम गर्मियों के टेस्ट सत्र की शुरुआत एक जून को आयरलैंड के विरुद्ध टेस्ट मैच से करेगी, जिसके बाद उसे पांच टेस्ट मैचों में चिर-प्रतिद्वंदी ऑस्ट्रेलिया का सामना करना है।

स्टोक्स ने यहां संवाददाताओं से कहा, हां मैं खेलूंगा (आयरलैंड के विरुद्ध टेस्ट)। मैं यह सुनिश्चित करूंगा कि मैं आयरलैंड के खिलाफ टेस्ट खेलने से पहले घर लौटकर खुद को ठीक तरह समय दे सकूं।

गौरतलब है कि चेन्नई सुपर किंग्स ने 16.25 करोड़ रुपये की कीमत पर स्टोक्स को अपनी फ्रेंचाइजी में शामिल किया है। स्टोक्स ने आईपीएल के पिछले सत्र में हिस्सा नहीं लिया था, हालांकि पाकिस्तान के विरुद्ध हुई हालिया टेस्ट सीरीज के बाद उन्होंने टूर्नामेंट में खेलने की रुचि दिखाई थी। स्टोक्स की टीम के अन्य खिलाड़ियों ने फिलहाल बीच में आईपीएल छोड़ने की ओर कोई इशारा नहीं किया है। स्टोक्स का कहना है कि वह अपने खिलाड़ियों से इस विषय पर बात करेंगे और जानेंगे कि वे आईपीएल के आखिरी हफ्ते में क्या करना चाहते हैं।

स्टोक्स ने कहा, मैं शायद खिलाड़ियों के साथ एक-एक करके बात करूंगा और पूछूंगा कि वे एशेज़ की तैयारी करने के लिये क्या चाहते हैं। ज़ाहिर है, वे पांच मैच हमारे लिये मायने रखते हैं। आपको यह सोचना ही होगा कि खिलाड़ी क्या चाहते हैं। यह भी हो सकता है कि आयरलैंड के विरुद्ध मैच में कोई खिलाड़ी चोटग्रस्त हो जाये या एशेज़ से पहले किसी खिलाड़ी को टीम से बाहर जाना पड़े। यह उन मौकों में से एक है जब आपको खिलाड़ी से पूछना होता है कि वह क्या चाहता है। साथ ही यह भी कि क्या आयरलैंड के विरुद्ध खेलना उतना जरूरी है? जाहिर है, यह (आयरलैंड टेस्ट) मुकाबला उन पांच टेस्ट मैचों जितना महत्वपूर्ण नहीं।

स्टोक्स के अलावा इंग्लैंड के आठ अन्य टेस्ट खिलाड़ी इस साल आईपीएल में हिस्सा ले रहे हैं, जिनमें से छह खिलाड़ी (जो रूट, जॉनी बेयरस्टो, सैम करेन, लियम लिविंग्सटन, जॉफ्रा आर्चर, मार्क वुड) इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) के वार्षिक अनुबंध में बंधे हुए हैं।

# ऑस्ट्रेलिया ने वनडे श्रृंखला के लिए 16 सदस्यीय टीम की घोषणा

**केप टाउन ,23 फरवरी 2023।** ग्लेन मैक्सवेल और मिशेल मार्श अगले महीने भारत के खिलाफ होने वाली वनडे सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम में वापसी करेंगे।ऑस्ट्रेलिया एकदिवसीय मैचों के लिए भारत से मुंबई (17 मार्च), वाइजेग (19 मार्च) और चेन्नई (22 मार्च) में खेलेगा।मैक्सवेल और मार्श को टेस्ट सीरीज के बाद होने वाले तीन वनडे मैचों के लिए 16 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया है।मैक्सवेल पिछले हफ्ते विक्टोरिया के लिए विक्टोरियन प्रीमियर क्रिकेट प्रतियोगिता और मार्श शेफील्ड शील्ड में लौटे, जबकि मार्श के भारत जाने से पहले पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया के लिए अगले दो मैच खेलने की उम्मीद है। झे रिचर्डसन भी हैमस्ट्रिंग स्ट्रेन से उबरने के बाद ऑस्ट्रेलियाई टीम में वापसी करेंगे, जिसने उन्हें बीबीएल फाइनल से बाहर कर दिया था।चयन समिति के अध्यक्ष जॉर्ज बेली ने कहा, ÷विश्व कप के सात महीने दूर होने के कारण, भारत में ये मैच हमारी तैयारी में एक महत्वपूर्ण कदम हैं। ग्लेन, मिशेल और झे सभी महत्वपूर्ण खिलाड़ी हैं जो हमें लगता है कि अच्छा प्रदर्शन करेंगे।÷

जोश हेजलवुड को दर्द की चोट से पूरी तरह उबरने के लिए टीम में शामिल नहीं किया गया है क्योंकि वह संभावित विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल और इंग्लैंड में एशेज की तैयारी कर रहे हैं।बेली ने कहा, ÷जोश के लिए इस श्रृंखला का हिस्सा बनना बहुत अच्छा होगा, लेकिन हमने इंग्लैंड में एक रूढ़िवादी दृष्टिकोण लिया है, जिसमें वह एक अभिन्न हिस्सा होगा।÷

ऑस्ट्रेलियाई टीम ञ्ज पैट कमिंस (कप्तान), सीन एबॉट, एश्टन एल्गार, एलेक्स केरी, कैमरुन ग्रीन, ट्रैविस हेड, जोश इंग्लिस, मार्नस लाबुसेन, मिशेल मार्श, ग्लेन मैक्सवेल, झे रिचर्डसन, स्टीव स्मिथ, मिशेल स्टार्क, मार्कस स्टोइनिस, डेविड वार्नर, एडम जम्पा।

# अंडर-19 महिला क्रिकेटरों ने धोनी से खेल के गुर सीखे

**नयी दिल्ली ,23 फ रवरी 2023।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने मास्टरकार्ड द्वारा अंडर-19 महिला क्रिकेटरों के लिये आयोजित कार्यशाला में युवा प्रतिभाओं का मार्गदर्शन किया।

'क्रिकेट क्लिनिक-एमएसडी' कार्यशाला का आयोजन 12 फरवरी को मुंबई के प्रतिष्ठित वानखेड़े स्टेडियम में किया गया, जहां धोनी ने 15 खिलाड़ियों के साथ एक प्रशिक्षण सत्र में हिस्सा लिया।




धोनी ने मैदान के अपने अनुभव साझा करने के अलावा लड़कियों को कई महत्वपूर्ण सुझाव भी दिये। इन खिलाड़ियों का चयन युवा महिला क्रिकेटरों के लिये मास्टरकार्ड द्वारा आयोजित सोशल मीडिया प्रतियोगिता के जरिये किया गया था।

कार्यशाला के दौरान, धोनी ने तनाव सहने, क्रिकेट में करियर बनाने, फिटनेस बनाये रखने, सही योजना तैयार करने और अन्य पहलुओं पर खिलाड़ियों का मार्गदर्शन किया। उन्होंने युवा खिलाड़ियों को बल्लेबाजी और विकेटकीपिंग मूलमंत्र भी सिखाये।

धोनी ने कार्यशाला के बाद कहा, भारत हमेशा से एक खेल महाशक्ति रहा है और महिला क्रिकेटर आज अपने निरंतर प्रदर्शन और मजबूत दृढ़ संकल्प के साथ बाधाओं को तोड़ रही हैं। मास्टरकार्ड क्रिकेट क्लिनिक-एमएसडी के दौरान कई महिला क्रिकेटरों के साथ मेरी बातचीत ने भारत में महिला क्रिकेट के भविष्य के प्रति मेरे विश्वास को गहरा किया है। मैं खेल के मैदानों में महिलाओं को आगे बढ़ाने और उन्हें एक अमूल्य अनुभव प्रदान करने के लिये मास्टरकार्ड के साथ साझेदारी करने के लिए बेहद उत्साहित हूं।

मास्टरकार्ड की उपाध्यक्ष और विपणन एवं संचार प्रमुख (दक्षिण एशिया) मानसी नरसिम्हन ने कहा, मास्टरकार्ड मेंटरशिप और प्रशिक्षण के रूप में अनमोल अनुभवों के माध्यम से खेल में महिलाओं को प्रोत्साहित करने के लिये प्रतिबद्ध है। महान भारतीय कप्तान एमएस धोनी के साथ यह क्रिकेट क्लिनिक एक पहल है जो महत्वाकांक्षी महिला क्रिकेटरों को उनके सपनों को साकार करने और देश को मैदान पर और बाहर दोनों जगह गौरवान्वित करने में मदद करेगी।

# हेरा फेरी 3 के सेट से सामने आई पहली तस्वीर

तमाम अफवाहों को दरकिनार करते हुए फिल्म निर्माता फिरोज नडियाडवाला ने अपनी सफल फ्रेंचाइजी हेराफेरी के 3रे भाग के लिए अक्षय कुमार को अपने साथ जोडऩे में सफलता प्राप्त कर ली और बीते दिन से इस फिल्म की शूटिंग शुरू हो गई। पहले कहा जा रहा था हेरा फेरी के 3रे भाग में अक्षय कुमार के स्थान पर कार्तिक आर्यन नजर आएंगे। चर्चाएँ थीं कि अक्षय कुमार को हेरा फेरी-3 की स्क्रिप्ट पसन्द नहीं आई थी। वे फिल्म के निर्देशक अनीस बज्मी के कथानक से ताल्लुक नहीं रख पा रहे थे। वर्ष 2004 में आई प्रियदर्शन के निर्देशन में बनी हेरा फेरी को दर्शकों ने बेइंतहा प्यार दिया था। इस फिल्म ने अपने समय के अनुरूप कल्ट कॉमेडी फिल्म का तमगा हासिल किया। पहले भाग की सफलता के बाद इसका दूसरा भाग वर्ष 2006 में प्रदर्शित किया गया था, जिसने बॉक्स ऑफिस पर पहले भाग से ज्यादा कामयाबी प्राप्त की थी। इसके बाद से इसके 3रे भाग की जनता को काफी समय से प्रतीक्षा थी, जो अब खत्म होने जा रही है।




रिपोर्ट के अनुसार हेरा फेरी 3 की शूटिंग शुरू हो गई है और फिल्म में पुरानी स्टारकास्ट अक्षय कुमार, सुनील शेट्टी और परेश रावल ही नजर आएंगे। इस बीच हेरा फेरी 3 के सेट से एक तस्वीर लीक हो गई है। इस बात की पुष्टि सेट से लीक हुई एक तस्वीर भी कर रही है। हेरा फेरी 3 के सेट से जो तस्वीर सामने आई है उसमें अक्षय कुमार, सुनील शेट्टी और परेश रावल नजर आ रहे हैं। तीनों ही कलाकार फिल्म में अपने किरदार के गेटअप में दिखाई दे रहे हैं। सोशल मीडिया पर ये तस्वीर लोगों के बीच चर्चा का विषय बन गई है। प्रशंसक इस फोटो पर जमकर रिएक्ट कर रहे हैं। फिल्म में अक्षय कुमार के होने की खबर से ही फिल्म के प्रति दर्शकों की रुचि बढ़ गई है। अब दर्शकों का मानना है कि हेरा फेरी 3 भी बॉक्स ऑफिस पर करोड़ों रुपये कूटने वाली है।

पहले इस फिल्म का निर्देशन अनीस बज्मी करने वाले थे, लेकिन अब इस फिल्म के निर्देशन की जिम्मेदारी फरहाद सामजी को सौंपी गई है। फरहाद सामजी ने हाल ही में सलमान खान की फिल्म किसी का भाई किसी की जान को पूरा किया है। सलमान खान अभिनीत उनके निर्देशन में बनी यह फिल्म इस वर्ष ईद के मौके पर प्रदर्शित होने जा रही है।


# राजकुमार राव और भूमि पेडनेकर की फिल्म भीड़ 24 मार्च को होगी रिलीज ?

बॉलीवुड एक्टर राजकुमार राव और एक्ट्रेस भूमि पेडनेकर अपनी अपकमिंग फिल्म भीड़ को लेकर काफी सुर्खियों में हैं। फिल्म की शूटिंग पूरी हो चुकी है और अब भीड़ रिलीज के लिए पूरी तरह से तैयार है। अनुभव सिन्हा द्वारा निर्देशित इस फिल्म की रिलीज डेट भी सामने आ चुकी है। आर्टिकल 15 और थप्पड़ जैसी फिल्में बनाने वाले अनुभव सिन्हा अब भीड़ फिल्म के जरिए महामारी के दौरान देश में फैली सामाजिक विषमताओं पर रोशनी डालते नजर आएंगे। बता दें कि राजकुमार राव और भूमि पेडनेकर की यह फिल्म 24 मार्च को रिलीज होगी।



अनुभव सिन्हा ने भीड़ को लेकर बातचीत की। इस दौरान उन्होंने बताया, भीड़ एक ऐसी कहानी है, जो देश में फैली उन सामाजिक विषमताओं पर प्रकाश डालती है, जिसका देश ने सबसे कठिन समय में सामना किया। मेरे लिए इस कहानी को बड़े पर्दे पर उतारकर दर्शकों तक साझा करना बहुत जरूरी है। यह फिल्म महामारी के दौरान देश के हालातों को दर्शाएगी।

बता दें कि राजकुमार राव और भूमि पेडनेकर की फिल्म भीड़ को टी-सीरीज के बैनर तले बनाया जा रहा है। फिल्म को लेकर भूषण कुमार ने कहा, अनुभव सिन्हा और मेरे साथ काम करने का एक लंबा इतिहास रहा है। यह हमारा साथ में तीसरा प्रोजेक्ट है और हमारा यह सफर बेहद ही अच्छा रहा है। भीड़ एक ऐसी फिल्म है, जो दर्शकों को बहुत ही गहरी और व्यावहारिक जानकारी देगी।



# साउथ और बॉलीवुड फिल्मों में दिख चुकी हैं प्रिया बनर्जी, जिन पर दिल हार बैठे प्रतीक बब्बर ?

दिग्गज कलाकार राज बब्बर और स्मिता पाटिल के बेटे अभिनेता प्रतीक बब्बर ने अपना रिश्ता सार्वजनिक किया। पिछले एक साल से वह अभिनेत्री प्रिया बनर्जी के साथ अपने अफेयर को लेकर सुर्खियां बटोर रहे थे। दोनों को कई बार एक-दूसरे के साथ वक्त बिताते देखा गया था, लेकिन आखिरकार प्रतीक ने अपने इस रिश्ते पर मोहर लगा दिया। आइए आपको बताते हैं कौन हैं प्रिया बनर्जी।

पूजा ने 2013 में साउथ फिल्मों से अपने करियर की शुरुआत की थी। उन्हें तेलुगु फिल्म किस में मशहूर अभिनेता अदिवी शेष के साथ देखा गया था। इसके बाद उन्होंने संदीप किशन और राशि खन्ना जैसे कलाकारों संग भी स्क्रीन साझा की। कुछेक साल तक तेलुगु सिनेमा से जुड़े रहने के बाद पूजा ने बॉलीवुड फिल्मों में पदार्पण किया। 2015 में उन्हें ऐश्वर्या राय बच्चन की फिल्म जज्बा में देखा गया था। वह फिल्म बार बार देखो में भी थीं।

प्रिया ने निर्माता एकता कपूर की सीरीज से ओटीटी प्लेटफॉर्म का रुख किया। वह 2019 में आई उनकी हिट वेब सीरीज बारिश का हिस्सा थीं, जिसमें शरमन जोशी और आशा नेगी ने मुख्य भूमिका निभाई थी। प्रिया 2020 में इस सीरीज के दूसरे सीजन में भी नजर आईं। उन्हें एकता की बोल्ड सीरीज बेकाबू में भी देखा गया, जिसमें उनके साथ अभिनेता राजीव सिद्धार्थ थे। उन्हें ट्विस्टेड 2 और भंवर जैसी लोकप्रिय सीरीज में भी देखा जा चुका है।

प्रतीक और प्रिया ने अपने-अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर बेहद प्यारी तस्वीरें साझा कीं और आधिकारिक तौर पर अपने रिश्ते की पुष्टि कर दी। उन्होंने दो तस्वीरें साझा कीं। एक में दोनों ने सूरज की तरफ देखते हुए बेहद रोमांटिक पोज दिया तो दूसरी में उन्होंने अपना टैटू दिखाया। इस टैटू में पी और बी लिखा है। दरअसल, दोनों के नाम और सरनेम पी और बी से ही शुरू होते हैं..प्रतीक बब्बर और प्रिया बनर्जी।

प्रतीक की पहली शादी सान्या सागर से हुई थी। दोनों की शादी 23 जनवरी, 2019 में हुई थी, लेकिन यह शादी महज एक साल ही चली। 2020 में लॉकडाउन के दौरान दोनों अलग हो गए थे। पूर्व पत्नी से अलग होने के बाद प्रतीक की जिंदगी में प्रिया की एंट्री हुई। कहा जाता है कि प्रतीक अपने परिवार से भी प्रिया को मिलवा चुके हैं। दोनों की मुलाकात टीवी इंडस्ट्री के एक कॉमन फ्रेंड के जरिए हुई थी।

प्रतीक अभिनेता होने के साथ-साथ एक मार्शल आर्टिस्ट भी हैं। उन्होंने अभिनय में घुसने से पहले बतौर प्रोडक्शन असिस्टेंट अपना करियर शुरू किया था। वह दम मारो दम, धोबी घाट, आरक्षण, बागी 2, छिछोरे और दरबार जैसी फिल्मों में अपनी मौजूदगी दर्ज करा चुके हैं।












## संक्षिप्त समाचार

### सीईसीबी दफ्तर में ईडी की रेड!



**खंगाले जा रहे दस्तावेज, जल्द खुलेगा पूरा कच्चा-चिट्ठा!**

**रायपुर,23 फरवरी 2023(ए)।** छत्तीसगढ़ में प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी की ताबड़तोड़ छापेमारी जारी है. इसी बीच खबर आ रही है कि श्श्रष्ठ ने आज सुबह पर्यावास भवन में रेड मारी है. टीम की इस दबिश से पूरे प्रदेश में हड़कंप मच गया है.

जानकारी के मुताबिक, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल के ऑफिस में श्श्रष्ठ ने धावा बोला है. फ़िलहाल अफसरों की टीम विभाग में दस्तावेज खंगाल रही है. टीम की जांच-पड़ताल के बाद ही मामले में बड़ा खुलासा हो सकता है.

# छत्तीसगढ़ में कांग्रेस और बीजेपी की टेंशन बढ़ाने आ रहे दिल्ली और पंजाब के सीएम

**फूंकेंगे चुनावी बिगुल**

**रायपुर,23 फरवरी 2023(ए)।** आप पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान रायपुर में चुनाव का शंखनाद करते एक लाख कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे। तैयारियों का जायजा लेने स्वयं छत्तीसगढ़ प्रभारी संजीव झा रायपुर पहुंच चुके हैं।

पार्टी रायपुर के जिलाध्यक्ष नंदन कुमार सिंह एवं जिला सचिव विजय कुमार झा ने बताया है कि अरविंद केजरीवाल के निशुल्क शिक्षा, निशुल्क स्वास्थ तथा लोकतंत्र की रक्षा करते हुए छत्तीसगढ़ राज्य में कर्ज मुक्त व मुफ्त बिजली की जनता के मौलिक अधिकार के लिए पूरे 90 विधानसभा में चुनाव के लिए शंखनाद किया जाएगा।

5 मार्च के कार्यकर्ता सम्मेलन की तैयारी में पूरे प्रदेश में लोकसभा जिला तहसील विकासखंड जोन प्रभारी सर्कल प्रभारी व मतदान केंद्र प्रभारी जोर शोर से कार्यक्रम को सफल बनाने में सक्रिय हो गए हैं। रायपुर लोकसभा प्रभारी पुष्पेंद्र परिहार, कोषाध्यक्ष पी एस पन्नू, उत्तम जायसवाल, सूरज उपाध्याय, दुर्गा झा, मुन्ना बिसेन, डां शिवनारायण दिवेदी, सागर क्षीरसागर, के एस नायडू,

पवन सक्सेना, तेजेंद्र तोड़ेकर, एम एस हैदरी, नीरज चंद्राकर, जी एम दुबे, राशिद अली, रविंद्र सिंह ठाकुर, संजीव गुप्ता, गौरव सिंह, मो शहिद खान, वीरेंद्र पवार, नरेंद्र ठाकुर, संजीव सिंह, प्रकाश ठाकुर, सी एल दुबे, पी के सोनी, अनुषा जोसेफ, कलावती मार्को, विजयलक्ष्मी तिवारी, शंकर सिंह, संतोष कुशवाहा, धीरज ताम्रकार, आदि रायपुर जिले में सघन जनसंपर्क अभियान जारी कर कार्यकर्ताओं से प्रत्यक्ष भेंट मुलाकात कर रहे हैं।



कार्यक्रम को सफल बनाने प्रदेश प्रभारी संजीव झा आज रायपुर पधार रहे हैं जो राजधानी में डेरा डालेंगे। वहीं प्रदेश अध्यक्ष कोमल हुपेंडी 04 दिनों से रायपुर में ही कैंप किए हुए हैं। उत्साहित कार्यकर्ता एवं आम जनता से अपील की गई है कि कार्यक्रम को सफल बनाकर छत्तीसगढ़ में भाजपा कांग्रेस के शोषण मुक्त सरकार बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। प्रभारी संजीव झा प्रदेश अध्यक्ष कोमल हुपेंडी सहित वरिष्ठ नेताओं ने विमानतल से सीधे सम्मेलन स्थल का जायजा लेंगे।

### दिल्ली में लोकतंत्र की हत्या हो रही, छत्तीसगढ़ में सभी योजनाएं अधूरी

सिंह और झा ने कहा कि दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी के इशारे पर राज्यपाल द्वारा महापौर निर्वाचन में लोकतंत्र की हत्या की जा रही थी। किंतु न्यायपालिका के निर्णय के बाद महापौर का निर्वाचन संपन्न हुआ तथा नारी शक्ति की विजय होकर शैली ओबेराय महापौर निर्वाचित हो गई है।पूरे देश में राज्यपालों के कंधे पर बंदूक रखकर जन आकांक्षाओं, जन सुविधाओं को बाधित किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ राज्य में आरक्षण व्यवस्था, पुरानी पेंशन व नई पेंशन योजना की घोषणा तथा उठ के मुंह में जीरा स्वरुप बेरोजगारी भत्ता की घोषणाएं जमीनी स्तर पर अमलीजामा नहीं पहनाई जा सकी है।

## इस्पात फर्म पर जीएसटी की रेड,कारोबारी गिरफ्तार

**फर्जी बिल और नकली इनपुट पास से 16.94 करोड़ का फर्जीवाड़ा**

**रायपुर,23 फरवरी 2023(ए)।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में लगातार ईडी ने रेड जारी है इस बीच अब जीएसटी अफसरों की टीम ने मैसर्स यूनाइटेड इस्पात में छपोमारी की है। बता दें कि उक्त फर्म किसी भी प्रकार के माल या सेवाओं की आपूर्ति किए बिना बड़े पैमाने पर फर्जी बिल बनाने और नकली इनपुट टैक्स क्रेडिट पास करने में लिप्त पाया गया है।

जांच से इस बात का खुलासा हुआ है कि मैसर्स यूनाइटेड इस्पात के नाम से फर्जी फर्म के निर्माण और




संचालन के पीछे मास्टरमाइंड सौरभ अग्रवाल है। मैसर्स यूनाइटेड इस्पात ने ओडिशा और छत्तीसगढ़ में स्थित विभिन्न फर्मों से 15.32 करोड़ रुपए का नकली इनपुट टैक्स क्रेडिट लिया और किसी भी प्रकार के माल और सेवाओं की आपूर्ति किए बिना अन्य फर्मों को 16.94 करोड़ रुपए का नकली क्रेडिट पारित किया।

जांच में सामने आया कि सौरभ अग्रवाल सभी गतिविधियों को संचालित कर रहा था और फर्जी लेनदेन का मुख्य लाभार्थी पाया गया। जिसके बाद सौरभ अग्रवाल को आज बुधवार को केंद्रीय जीएसटी टीम ने सीजीएसटी अधिनियम 2017 की धारा 69 (1) के प्रावधानों के तहत गिरफ्तार किया और अदालत के समक्ष पेश किया। जहां मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने आरोपी को 14 दिनों की रिमांड मंजूर की है ।

## विश्वभूषण हरिचंदन ने राज्यपाल पद की ली शपथ



**सीएम भूपेश बघेल समेत कई दिग्गज रहे मौजूद**

**रायपुर,23 फरवरी 2023(ए)।** विश्वभूषण हरिचंदन ने आज राजभवन के दरबार हाल में आयोजित समारोह में छत्तीसगढ़ के नौवें राज्यपाल के रूप में अपने पद की शपथ ली। छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश अरूप कुमार गोस्वामी ने उन्हें शपथ दिलाई।

इस अवसर पर प्रथम महिला सुप्रभा हरिचंदन, मुखे यमंत्री भूपेश बघेल भी उपस्थित रहे। इससे पहले विश्व भूषण हरिचंदन बुधवार को रायपुर पहुंचे। सुबह 9ः45 बजे स्वामी विवेकानंद विमानतल पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने उन्हें पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। राज्यपाल को गार्ड आफ आनर देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डा. चरणदास महंत, नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल समेत तमाम वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। राजभवन आगमन पर राजभवन सचिवालय के अधिकारियों -कर्मचारियों ने भी उनका आत्मीय स्वागत किया।

इस अवसर पर प्रथम महिला सुप्रभा हरिचंदन और उनके स्वजन मौजूद रहे।

**राज्यपाल हरिचंदन को मुख्यमंत्री ने दी शुभकामनाएं**

राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन के छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के रूप में शपथ ग्रहण उपरांत प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पुष्पगुच्छ भेंटकर अभिवादन किया और शुभकामनाएं दी।

## एआईसीसी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे पहुंचे रायपुर



**सीएम बघेल ने एयरपोर्ट पर किया स्वागत**

**रायपुर,23 फरवरी 2023 (ए)।** छत्तीसगढ़ के राजधानी रायपुर में 24 फरवरी से शुरु होने वाले कांग्रेस का 85वें महाधिवेशन में शामिल होने कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे गुरुवार शाम को रायपुर पहुंचे। एयरपोर्ट पर सीएम भूपेश बघेल ने मल्लिकार्जुन खड़गे स्वागत किया। इस दौरान एयरपोर्ट से मेफेयर होटल तक जगह-जगह कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया।

**कांग्रेस नेताओं को परेशान कर रही केंद्र सरकार : खड़गे**

एयरपोर्ट पर पत्रकारों के चर्चा करते हुए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि 'कांग्रेस नेताओं और प्रवक्ताओं को केंद्र सरकार परेशान कर रही। हमें संसद में नहीं बोलने दिया जाता, बोलने की स्वतंत्रता को खत्म करने का प्रयास किया जा रहा, ऐसी कार्रवाई की मैं कड़े शब्दों में निंदा करता हूं, छत्तीसगढ़ अधिवेशन को बाधित करने की कोशिश की जा रही है।

खड़गे ने आगे कहा कि मुझे खुशी हुई पवन खेड़ा को सुप्रीम कोर्ट ने दी जमानत, सरकार कांग्रेस नेताओं को गिरफ्तार कर रही, सुप्रीम कोर्ट का आदेश सरकार पर तमाचा है, हमारे नेताओं पर छापे मारे जा रहे हैं, देश की जनता पूरी तरह मजबूत है, सरकार कांग्रेस नेताओं को गिरफ्तार करवा रही है, देश में संविधान सुरक्षित नहीं है।

**कांग्रेस महाधिवेशन,आज रायपुर पहुंचेंगे राहुल गांधी,**

छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में शुक्रवार से शुरु होने जा रहे कांग्रेस महा अधिवेशन में शामिल होने पूर्व अध्यक्ष व वायनाड के सांसद राहुल गांधी शुक्रवार 24 फरवरी की सुबह विशेष विमान से रायपुर पहुंचेंगे। पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी का कार्यक्रम अब तक नहीं पहुंचा है।

बता दें कि महाधिवेशन के लिए नेताओं का आना दो दिन पहले से शुरू हो गया है। कांग्रेस के बड़े नेता आज दोपहर से आने लगे हैं। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे आज शाम तक रायपुर पहुंच रहे हैं।

**पूरा छत्तीसगढ़ स्वागत को उत्सुकः बघेल**

महा अधिवेशन को लेकर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा, कांग्रेस का इतना बड़ा आयोजन पहली बार रायपुर में होने जा रहा है। सोनिया गांधी, राहुल गांधी सहित पूरा केंद्रीय नेतृत्व, इसके साथ दूसरे प्रदेश इकाइयों के प्रतिनिधि इसमें शामिल होने पहुंच रहे हैं। हम लोग बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। पूरा छत्तीसगढ़ उनके स्वागत के लिए उत्सुक हैं।

## दिल्ली नहीं असम की पुलिस ने पवन को लिया हिरासत में

**सीएम भूपेश बघेल का बड़ा बयान आया सामने**

**रायपुर,23 फरवरी 2023 (ए)।** आज कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा को नई दिल्ली एयरपोर्ट में रोक कर गिरफ्तार करने की कोशिश की गई थी और उन्हें रायपुर आने से रोक दिया गया था जिसके बाद इस मामले ने सियासी तूल पकड़ लिया है। अब बड़ी खबर यह आ रही है कि पवन खेड़ा को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पवन खेड़ा को दिल्ली पुलिस ने रोका था लेकिन उनकी गिरफ्तारी असम पुलिस ने गिरफ्तार किया है जिसके बाद उन्हें असम ले जाने की तैयारी कर रही है।

इस मामले में छत्तीसगढ़ सीएम भूपेश बघेल ने कहा कि बीजेपी अधिवेशन से डरी हुई है। एक तरफ बीजेपी प्रदेश में छापेमारी कर हमारे कार्यक्रम को रोकने की कोशिश कर रही है और दूसरी तरफ कांग्रेस के हमारे नेताओं को छत्तीसगढ़ आने से रोक रही है. पवन खेड़ा को प्लेन से उतारना दिखाता है कि बीजेपी कांग्रेस के महाधिवेशन से डर गई है। पवन खेड़ा ने उन्हें रोकने पर एयरपोर्ट में कहा था कि ङ्क मुझे कहा गया कि वे मेरा सामान देखना चाहते हैं। मैंने कहा मेरे पास एक हैंडबैग के अलावा कुछ नहीं है। फिर उन्होंने मुझसे कहा कि मैं नहीं जा सकता और डीसीपी मुझसे मिलने आएंगे।



मुझे नहीं पता कि मुझे क्यों रोका जा रहा है। बता दें कि असम के दीमा हसाओ ज़िले के हाफलोंग थाने में कांग्रेस नेता पवन खेड़ा के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

बता दें कि कल 24 फरवरी से छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में कांग्रेस का 85वां अधिवेशन होने वाला है जिसके लिए आज कई बड़े नेता रायपुर पहुँच गए हैं वहीं और कई बड़े नेता रायपुर आने के लिए दिल्ली एयरपोर्ट से फ्लाईट में चढ़ने वाले थे तभी पवन खेड़ा को पुलिस ने रोक लिया था।

**पवन खेड़ा की गिरफ्तारी के बाद रायपुर एयरपोर्ट में यात्रियों का भारी हंगामा**

आज कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा को दिल्ली में गिरफ्तार कर लिया गया है जिसके बाद काफी सियासी हंगामा हुआ। इस हंगामे का असर यह हुआ कि रायपुर के स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट में बैठे यात्रियों ने भी हंगामा शुरु कर दिया। दरअसल, पवन खेड़ा जिस फ्लाइट से आने वाले थे वो इस विवाद की वजह से अटक गई और फ्लाईट को कैंसिल कर दिया गया जिसकी वजह से दिल्ली से आने वाले विमान का रायपुर एयरपोर्ट में बैठे यात्री इन्तजार करने लगे।

इंडिगो की फ्लाइट कैंसिल होने की वजह से यहां बैठे यात्रियों ने हंगामा शुरु कर दिया। अब बताया जा रहा है कि उस फ्लाइट को रिशेड्यूल किया जा रहा है और बाकी यात्रियों को किसी और फ्लाइट से रायपुर भेजा जा रहा है।

## मकान के सेप्टिक टैंक में मिला कंकाल

**इलाके में मचा हड़कंप,जाँच में जुटी पुलिस**

**रायपुर/बिलासपुर ,23 फरवरी 2023(ए)।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर शहर में निर्माणाधीन मकान के सेप्टिक टैंक में कंकाल मिलने से हड़कंप मच गया है.माम्नाला सिरगिट्टी थाना क्षेत्र का है. जहां दो साल पहले बने इस सैप्टिक टैंक की मकान मालिक जब सफाई करा रहे थे, इस दौरान मिट्ट टी में कंकाल दबा मिला। इसकी जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस और फोरेंसिक एक्सपर्ट की टीम ने कंकाल को जब्त करके जांच शुरू कर दी है। आशंका जताई जा रही है कि, हत्या के बाद को लाश को ठिकाने लगाया गया होगा।



जानकारी के मुताबिक, सिरगिट्ट टी के भवानी नगर में सरोज कुमार साहू (45) अपनी जमीन पर मकान बनवा रहा है। करीब दो साल पहले उसने सैप्टिक टैंक बनाकर निर्माणाधीन मकान को छोड़ दिया था। इस दौरान निर्माणाधीन मकान का टैंक खुले में होने के कारण उसमें मिट्ट टी और रेत का मलबा आ गया था। सरोज कुमार बुधवार को उसकी सफाई करा रहे थे। जब मजदूर टैंक की सफाई करने के लिए उसमें से मिट्ट टी निकाल रहे थे। तभी उसमें से हड्डियों के अवशेष के साथ कंकाल निकला, जिसे देखकर मजदूर दहशत में आ गए। उन्होंने इस घटना की जानकारी सरोज साहू को दी। इसके बाद सरोज ने कंकाल मिलने की खबर पुलिस को दी है।

## नक्सलियों ने प्रेस नोट जारी कर 3 लोगों को जान से मारने की दी चेतावनी

**नारायणपुर, 23 फरवरी 2023 (ए)।** नक्सलियों के पूर्व बस्तर डिवीजन प्रवक्ता नीति ने हत्या की धमकी भरा जारी प्रेस नोट निको माइनिंग कंपनी में एजेंट का काम करने वाले तीन लोगों के नाम जारी कर हत्या करने की धमकी देते हुए लिखा है कि जिस तरह भाजपा नेता सागर साहू को माइनिग कंपनी की दलाली नहीं करने का आगाह किया गया था, बात नहीं मानने पर मौत के घाट उतारा गया। नक्सली प्रेस नोट निको माइनिंग कंपनी में एजेंट का काम करने वाले वैद्यराज, कोमल मांझी, हरी राम मांझी को जनता के सामने जाकर अपनी गलती मानने की चेतावनी दी है, नहीं मानने पर सागर साहू जैसे मौत की सजा देने की बात कही गई है, वहीं लोगों को कंपनी में दलाली नहीं करने की चेतावनी दी है।



## लावारिस हालत में मिला महिला का काफी दिन पुराना शव




**हत्या की आशंका, पुलिस जांच में जुटी**

**भिलाई , 23 फरवरी 2023 (ए)।** दुर्ग जिले के जामुल थाना क्षेत्र अंतर्गत ढौर गांव में आज एक अज्ञात महिला की लाश मिला है। महिला की उम्र लगभग 40-45 साल बताई जा रही है।

मिली जानकारी के अनुसार ग्राम ढौर के खार में एक अज्ञात महिला का शव मिला है। महिला की उम्र लगभग 40-45 साल बताई जा रही है। शव लगभग 3 से 4 दिन पुराना बताया जा रहा है। फिलहाल जामुल पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। जामुल थाना प्रभारी याकूब मेमन ने बताया कि मार्ग कायम करके शव को पोस्टमोर्टम के लिए भेज दिया गया है। अब तक शव की शिनाख्त नहीं हो सकी है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No. CHHHIN/2004/15050,मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)